'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 212 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए वीरवार, 17 अक्टूबर 2024 samachargate@gmail.com

जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

आंखों से हटी काली पट्टी, हाथों में संविधान लिए सुप्रीम कोर्ट में न्याय की देवी की नई मूर्ति

समाचार गेट ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में लेडी ऑफ जस्टिस की नई प्रतिमा से आंखों की पट्टी उतर गई है और संविधान ने उसके एक हाथ में तलवार की जगह यह संदेश देने के लिए ले लिया है कि देश में कानून अंधा नहीं है और न ही यह सजा का प्रतीक है। आंखों पर पट्टी बांधने का मतलब कानून के समक्ष समानता का प्रतिनिधित्व करना था, जिसका अर्थ था कि अदालतें अपने सामने आने वाले लोगों की संपत्ति, शक्ति या स्थिति के अन्य मार्करों को नहीं देख सकती हैं, जबकि तलवार अधिकार और अन्याय को दंडित करने की शक्ति का प्रतीक है। सुप्रीम कोर्ट में

न्यायाधीशों की लाइब्रेरी में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के आदेश पर स्थापित की गई नई प्रतिमा में आंखें खुली हैं और बाएं हाथ में तलवार की जगह संविधान है।

औपनिवेशिक विरासत को पीछे छोड़ें, जैसा कि भारतीय दंड संहिता जैसे औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों को भारतीय न्याय संहिता से बदलकर किया गया था। मुख्य न्यायाधीश कार्यालय से जुड़े शीर्ष सूत्रों के अनुसार, जस्टिस चंद्रचूड़ का मानना है कि भारत को ब्रिटिश विरासत से आगे बढ़ना

चाहिए और कानून कभी अंधा नहीं होता, वह सभी को समान रूप से देखता है। इसलिए चीफ जस्टिस ने कहा कि लेडी ऑफ जस्टिस का स्वरूप बदला जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि प्रतिमा के एक हाथ में तलवार नहीं बल्कि संविधान होना चाहिए, ताकि देश में यह संदेश जाए कि वह संविधान के मुताबिक न्याय करती हैं। तलवार हिंसा का प्रतीक है लेकिन अदालतें संवैधानिक कानूनों के अनुसार न्याय देती हैं।

दाहिने हाथ में न्याय के तराजू को बरकरार रखा गया है क्योंकि वे समाज में संतुलन का प्रतिनिधित्व करते हैं और इस विचार का प्रतिनिधित्व करते हैं कि किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले दोनों पक्षों के तथ्यों और तर्कों को अदालतों द्वारा तौला जाता है।

नायब सैनी के नेतृत्व में बहेगी विकास की बयार : तेजपाल तंवर

समाचार गेट/संजय शर्मा

सोहना। सोहना तावडू से विधायक तेजपाल तंवर ने कहा कि जनता ने भाजपा को आशीर्वाद देकर विकास को चुना है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर नायब सैनी प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे और समान रूप से प्रदेश के कोने-कोने में विकास कार्य करवाए जाएंगे। विधायक दल की बैठक में नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुना गया है। नायब सैनी एक बार फिर गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। पंचकूला स्थित पंचकमल में विधायक दल की बैठक हुई जिसमें गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद थे। नायब सिंह सैनी को विधायक दल

का नेता चुने जाने पर विधायक महिपाल ढांडा ने बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा सबका सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ काम किया है। भाजपा की नीतियां जनता की पसंद बन चुकी हैं। यही वजह है कि जनता ने कए बार फिर अपना आशीर्वाद भाजपा को दिया है। पिछले दस सालों में प्रदेश में विकास की गंगा बही है और नायब सरकार के दो महीने में अनेकों हितकारी निर्णय लिए गए हैं और अब एक बार फिर मुख्यमंत्री बनकर नायब सैनी दिन-रात जनता की सेवा को तत्पर रहेंगे। 17 अक्टूबर को पंचकूला स्थित सेक्टर-5 के दशहरा ग्राउंड में आयोजित होने वाले अपने जनप्रिय मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर प्रदेश की जनता में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। हलके से भी इस समारोह में भारी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग, मशीनों से सत्ता में आई भाजपा: नीरज शर्मा

अफसरों को बस भरवाने के निर्देश पर नीरज शर्मा की प्रतिक्रिया आई सामने

वोट की नहीं, ईवीएम की है सरकार

साख बचाने का संघर्ष कर रही भाजपा

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। एनआईटी के पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि धोखे और छल-कपट से आई सरकार जनता के भरोसे पर खरी उतरने वाली नहीं है। भाजपा सरकार जनता ने नहीं चुनी, ईवीएम मशीन ने चुनी है। यदि सरकार वाकई जनता ने चुनी होती तो भाजपा को सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग कर लोगों को समारोह में बुलाने के लिए जिला अधिकारियों पर दबाव डाल कर लोगों को बुलाने के लिए बस

और खाने का मैन्यू जारी नही करना पड़ता। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार देखने में आया है कि किसी सरकार ने एक सप्ताह में ही जनता का विश्वास खो दिया है। अब तक ऐसा चलन रहा था कि शपथ ग्रहण समारोह में सरकार के समर्थक अपने आप बड़ी संख्या में पहुंचते थे। लेकिन पहली बार देखने में आ रहा है कि सरकार जिला अधिकारियों को सीधे आदेश जारी कर लोगों को बुला रही है। तथा उनके खाने के इंतजाम का भी कार्य करवा रही है।

पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि भाजपा को पता है कि उन्हें जनता ने वोट नहीं दिया है। बल्की यह छल-कपट और फरेब से ईवीएम मशीन से वोट हासिल किए गए हैं। उन्हें मालुम है कि उनके शपथ ग्रहण समारोह में कोई नहीं पहुंचेगा। इसलिए भाजपा को भीड़ जुटाने के लिए जिला उपायुक्त (डीसी) को अधिकारिक पत्र जारी करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डीसी का काम लोगों को बस में भरकर कहीं भेजना और खाने की व्यवस्था करना नहीं होता। बल्कि जिले में प्रशासनिक कार्य करना होता है। श्री शर्मा ने कहा कि आमतौर पर जनता में विश्वास खो चुकी सरकार ही इस तरह अधिकारियों का सहारा लेती है। ऐसा पहली बार देखने में आया है कि पहले ही सप्ताह में सरकार अधिकारियों का सहारा ले कर अपनी साख बचाने का प्रयास कर रही है।

अधिकारियों का जिस तरह भाजपाईकरण इस सरकार ने किया है, ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। एक दम खुल्लम-खुल्ला पत्र जारी कर लोगों को बस से शपथ ग्रहण समारोह में भेजने की व्यवस्था करना, बस में खाने की व्यवस्था करना तथा उसका मैन्यू जारी कर जिलों के डीसी को निर्देश देना यह दर्शाता है कि इस सरकार के प्रति जनता में कोई उत्साह नहीं है। यह केवल मशीनों से सत्ता में आई सरकार है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में जाकर देखा जा सकता है। हर तरफ मायूसी छाई है। लोग हैरान परेशान हैं कि जब हम ने वोट दिया ही नहीं है तो भाजपा प्रत्याशी जीता कैसे। आज कहीं भी चले जाओ, हर चौक-चौराहे पर लोग ईवीएम पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। लोग एक सप्ताह में ही कहने लगे हैं कि ये वोट की नही ईवीएम मशीन की सरकार है।

पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि बस व खाने पर होने वाले खर्च का भुगतान किस खाते से किया जाएगा क्योंकि एनआईटी की जनता आज भी पानी न आने और सीवर जाम की समस्या से जूझ रही है। नगर निगम के पास सीवर साफ करवाने के लिए पैसे नहीं है। लोग परेशान हैं, सभी जानते है कि भाजपा ने एक भी जनहित के काम नहीं किए। फिर किस मुद्दे पर लोगों ने भाजपा को वोट किए ये यक्ष प्रश्न है।

मोदी ने दिया किसानों और कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा : ओपी धनखड़

गेहूं का 2425 और सरसों का भाव 5950 रुपए प्रति क्विंटल

कर्मचारियों का बढ़ाया तीन प्रतिशत मंहगाई भत्ता

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने दिवाली की पावन बेला में देशभर के किसानों और केंद्र सरकार के सेवारत और सेवानिवृत कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा दिया है।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव किसान बंधु औम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि रबी की फसलों की एसएसपी में बड़ी बढ़ोतरी की है , वहीं सेवारत और सेवानिवृत कर्मचारियों के डीए में तीन प्रतिशत का इजाफा किया है। धनखड़ ने किसानों को बड़ी राहत देने के लिए पीएम मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान का धन्यवाद किया है।

धनखड़ ने कहा कि रबी के सीजन की बिजाई शुरू होने से पहले ही भाव तय होने से किसान अपना निर्णय ले सकते हैं कि कौनसी फसल की बिजाई सही रहेगी और ज्यादा लाभ देगी।

धनखड़ ने कहा कि सरसों के लिए 300 रुपये

और गेहूं के भाव 150 प्रति क्विंटल बढ़ाएं गए हैं। सरसों का एमएसपी 5,950 रुपये और गेहूं का 2425 रुपए क्विंटल हो गया है। मसूर दाल के लिए 275, चना, कुसुम और जौ के लिए क्रमश: 210 रुपये प्रति क्विंटल, 140 रुपये प्रति क्विंटल और 130 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि विपणन सत्र 2025-26 के लिए अनिवार्य रबी फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है, जिसमें एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय करने की घोषणा की गई है।

धनखड़ ने नायब सिंह सैनी को दी बधाई

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव श्री औम प्रकाश धनखड़ ने प्रदेश के कार्यवाह मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाए जाने पर समस्त भाजपा परिवार एवं देवतुल्य जनता की तरफ से उनको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। धनखड़ ने बधाई देते हुए कहा कि नायब सिंह सैनी जी हर हरियाणवासी की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे और उनके कुशल नेतृत्व में प्रदेश प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।

मेहन्दीपुर बालाजी महाराज का जागरण आज

समाचार गेट/सोनिका सूरा

सिवानी मंडी। शहर के संजीवनी आश्रम में शरद पूर्णिमा महोत्सव 17 अक्टूबर को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए संजीवनी आश्रम की संचालक भगत पारुल ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी शरद पूर्णिमा महोत्सव 17 अक्टूबर को संजीवनी आश्रम के प्रांगण में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अनेक भजन गायक श्री बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे वहीं मंच का संचालन सुभाष दीवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

राजकीय आईटीआई बहल में 18 अक्टूबर को रोजगार मेले का होगा आयोजन

समाचार गेट/सोनिका सूरा

सिवानी मंडी। राजकीय आईटीआई बहल में 18 अक्टूबर को रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में दो बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ बावल, रेवाड़ी स्थित टेनेको ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड व हिसार से जिंदल पॉलीबटन प्राइवेट लिमिटेड भाग ले रहीं हैं। संस्थान के शिक्षुता एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ यजविंदर ने बताया है कि यह मेला मुख्यत: वर्तमान में इंजीनियरिंग व्यवसाय के आई टीआई पास छात्रों हेतु उनकी अप्रेंटिसशिप पूरा करने का अवसर प्रदान करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। मेले में जिला भिवानी की किसी भी सरकारी या प्राइवेट आईटीआई से पास ट्रेनीज इस रोजगार मेला में शामिल हो सकते हैं।

अपराध शाखा ने अवैध हथियार सहित किया दो आरोपियों को गिरफ्तार

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा 30 की टीम ने अवैध हथियार के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में साहून तथा शहजाद का नाम शामिल है।

आरोपी साहून फरीदाबाद की बिल्ला कॉलोनी तथा शहजाद जमाई कॉलोनी का रहने वाला है जिन्हें अपराध शाखा की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर डबुआ पाली रोड से मोटरसाइकिल पर अवैध हथियार सहित काबू किया था। आरोपियों के कब्जे से एक देसी

कट्टा, दो जिंदा कारतूस तथा एक खाली कारतूस बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ डबुआ थाने में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी अपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं। आरोपी साहून के खिलाफ चोरी, लड़ाई झगड़ा, अवैध हथियार इत्यादि के 17 मुकदमे दर्ज हैं वहीं आरोपी शहजाद पर भी 8 मुकदमे दर्ज है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी साहून करीब डेढ़ महीने पहले अवैध हथियार को अलीगढ़ से 6000 में खरीदकर लाया था।

आरोपी इसे अपनी सुरक्षा तथा हवाबाजी करने के लिए साथ रखते थे। दोनों आरोपी नशेड़ी किस्म के व्यक्ति हैं। आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और उन्हें हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी की जानकारी प्राप्त करके उसकी धरपकड़ की जाएगी।

यातायात पुलिस ने वर्दी नहीं पहनने वाले 500 ऑटो चालकों का काटा चालान

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। डीसीपी ट्रैफिक ऊषा के दिशा निर्देश के अंतर्गत यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर वर्दी नहीं पहनने वाले ऑटो चालकों के चालान काटे हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक ऊषा के निर्देशानुसार फरीदाबाद पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में ऑटो चालकों और ड्राइवर यूनियन को लगातार जागरूक किया जा रहा है परंतु कुछ ऑटो चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करते। फरीदाबाद पुलिस का लगातार प्रयास रहता है कि शहरवासियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके और यात्री सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके। इसी के तहत यातायात पुलिस द्वारा 500 ऑटो चालकों के चालान काटे गए हैं। इसके साथ यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों में अपने बच्चों को भाग लेने के लिए करें प्रोत्साहित : ताराचंद डाबला

जिला बाल कल्याण परिषद ने बाल भवन एनआईटी के सभागार में करवाया जिला स्तरीय बाल महोत्सव 2024

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद जिला शाखा - फरीदाबाद द्वारा बाल दिवस प्रतियोगितायें 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक चल रही प्रतियोगिताओं के आज तीसरे दिन तृतीय ग्रुप के सोलो डांस, सोलो सॉंग, डिक्लेमशन कांटेस्ट, देशभक्ति ग्रुप सॉंग व ग्रुप डांस, का आयोजन किया गया।

आज इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त तारा चन्द डाबला ने दीप प्रज्वलित करके किया। लेखाकार उदय चन्द ने गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त तारा चन्द डाबला ने बच्चों को संदेश दिया कि केवल पोजीशन मायने नहीं रखती बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेना ही बड़ी जीत होती है। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों के अभिभावकों से आह्वान किया कि वे सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों में अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को बताया कि जिला बाल

कल्याण परिषद बच्चों के लिए उनके प्रतिभा को निखारने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान कर रही है जिसका उद्देश्य है बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारा जा सके।

लेखाकार उदय चन्द ने बताया की बाल दिवस के उपलक्ष में 21 प्रतियोगिताएं जो की 46 ग्रुप में आयोजित की जा रही है जो 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी । यह प्रतियोगिताएं जिला स्तर पर आयोजित की जा रही है इसमें प्रथम व द्वितीय विजेता बच्चे जोनल लेवल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज लगभग 80 स्कूलों के 400 बच्चों ने भाग लिया।

नोडल अधिकारी बांके बिहारी ने कार्यक्रम के संचालन को संभाला। निर्णायक मंडल की भूमिका विनोद कुमार, संदीप कुमार, संजय कुमार मिश्रा, श्रीमती अंशुल मिगलानी, सुनील नागर, देवेंद्र गॉड, रूप किशोर प्रिंसिपल, विक्रम सिंह, श्रीमती मनीषा व मनोज शास्त्री ने निभाई। सभी बच्चों को जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद के आजीवन सदस्य श्रीमती गीता सिंह व श्रीमति अंजू यादव ने भी बच्चों को सम्भोधित किया। श्री उदय चंद लेखाकार ने इस कार्यक्रम में सभी आए अतिथियों का अभिनंदन किया । इस अवसर पर कार्यक्रम में बाल भवन स्टाफ से मांगेराम, सुमित शर्मा, राजेश कुमार, सतीश चन्द, श्रीमती राधा लखानी, श्रीमती सुनीता, श्रीमती अर्चना, श्रीमती सुमन, श्रीमती कंचन, मिस कोमल, श्रीमती मनीषा, गजेन्द्र, मोनिका, बबीता, भगवान सिंह, रामसरन, नत्थू राम इत्यादि उपस्थित रहे। लेखाकर उदय चन्द ने बताया कि दिनांक 18 अक्टूबर को ग्रुप 4 के सोलो डांस, सोलो सॉंग, डिक्लेमशन कॉन्टेस्ट, देश भक्ति ग्रुप सॉंग, ग्रुप डांस, का आयोजन किया जायेगा।

जानकारी

स्ट्रेच मार्क्स से पाना है छुटकारा तो यूं करें कॉफी का इस्तेमाल

शरीर में पड़े स्ट्रेच मार्क्स के निशान देखने में गंदे लगते हैं। अक्सर ऐसे निशान गर्भावस्था के दौरान, वजन घटाने से या वजन बढ़ने के कारण पड़ते हैं। इन निशानों की वजह से कई बार हम अपने मन पसंदीदा कपड़े भी नहीं पहन पाते। इन निशानों को मिटाने के लिए महंगी-महंगी क्रीमों का इस्तेमाल करते हैं। कई बार इन कैमिकल युक्त क्रीमों का इस्तेमाल करने से कई बार साइड-इफैक्ट हो जाते हैं। ऐसे में कुछ घरेलू चीजों को अपनाकर आसानी से ही स्ट्रेच मार्क्स के निशानों को दूर किया जा सकता है।

कोको बटर और कॉफी

स्ट्रेच मार्क्स को दूर करने के लिए कोको बटर और कॉफी का इस्तेमाल करें। 1 चम्मच कॉफी लें। अब इसमें 1 चम्मच पिघला हुआ कोको बटर मिलाएं। जब यह अच्छे से मिल जाए तो इस पेस्ट को प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। 10 मिनट के लिए इसको ऐसा ही रहने दें। फिर हल्के गर्म पानी से इसको धो लें। हफ्ते में कम से कम 4 बार इस प्रक्रिया को दोहराएं। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लगेगा।

बादाम पाउडर, नारियल तेल और कॉफी

1 चम्मच कॉफी ले इसको अच्छे से पीस लें। फिर इसमें आधा चम्मच बदाम पाउडर और 3 चम्मच नारियल तेल मिलाकर मिक्स करें। इस पेस्ट से 10 मिनट के लिए स्ट्रेच मार्क्स वाली जगह पर लगाएं। हफ्ते में 2 बार ऐसा करें। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लगेगा।

जैतून तेल, नींबू और कॉफी

स्ट्रेच मार्क्स को साफ करने के लिए जैतून तेल, नींबू और कॉफी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। 1 चम्मच पीसी हुई कॉफी में, 1 चम्मच जैतून का तेल, आधा चम्मच नींबू का रस मिलाकर अच्छे से मिक्स करें। अब इस पेस्ट 20 मिनट के लगाने के बाद गर्म पानी से धो लें। लगातार ऐसा करने से कुछ ही महीनों में फर्क दिखाई देने लगेगा।

आंखें हमारे शरीर का एक अहम हिस्सा होती हैं। इसकी मदद से हम पूरी दुनिया को देखते हैं। इनका स्वस्थ होना बेहद आवश्यक है, लेकिन आजकल लोगों की गलत आदतों का प्रभाव उनकी आंखों पर पड़ा है। जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चों को चश्मा लगाने से लेकर समय से पहले अंधेपन या कम दिखाई देना जैसी समस्याएं होती हैं, लेकिन आपको ऐसी किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए आप कुछ आसान उपाय अपना सकते हैं-

छोटे-छोटे बच्चों और युवाओं को इसलिए लग जाता है चश्मा

आहार का ख्याल: आपके बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि आपका आहार पौष्टिक एवं संतुलित हो। फिर चाहे बात आंखों की ही क्यों न हो। आहार आपकी आई हेल्थ पर भी अपना प्रभाव डालता है। बहुत से अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि एंटी-ऑक्सीडेंट युक्त आहार का सेवन करने से मोतियाबिंद होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। इसलिए आप अपने आहार में मौसमी फल एवं सब्जियां अवश्य शामिल करें। इसके अतिरिक्त खट्टे फल, हरी पत्तेदार सब्जियां और मछली आपकी आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है।

नजर रखें स्क्रीन टाइम: आजकल चाहे बच्चे हों या बड़े, अपना अधिकतर समय टीवी, कंप्यूटर या फोन के सामने ही बिताते हैं, जिसके कारण उनकी आंखों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए अपनी आंखों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए आप अपने स्क्रीन टाइम पर भी पैनी नजर रखें। कोशिश करें कि आप घंटों टीवी, कंप्यूटर या फोन के सामने न रहें। वहीं अगर आपका काम ऐसा है कि आपको घंटों कंप्यूटर के सामने बैठना होता है तो एकटक स्क्रीन को न देखें, बल्कि बीच-बीच में अपनी पलकें झपकते रहें।

आई प्रोटेक्टर भी है जरूरी: जिस तरह आप घर से बाहर निकलते समय अपनी स्किन की रक्षा करने के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं। ठीक उसकी तरह, आंखों की रक्षा करने के लिए आई प्रोटेक्टर यानी सनग्लासेज भी अवश्य पहनें। बहुत लंबे समय तक आपकी आंखों के सूरज की हानिकारक यूवी किरणों के संपर्क में आने से मोतियाबिंद होने की संभावना काफी हद तक बच जाती है। इसलिए आप एक अच्छे सनग्लासेज पहनकर अपनी आंखों की रक्षा तो कर ही सकते हैं।

व्यायाम का सहारा

आपकी लाइफ चाहे कितनी भी बिजी क्यों न हो, लेकिन अपनी दिनचर्या में कुछ वक्त व्यायाम को अवश्य दें। दरअसल, जब आप व्यायाम नहीं करते तो आपका वजन बढ़ने लगता है। साथ ही इससे आपको टाइप 2 डायबिटीज और कार्डियोवस्कुलर बीमारी होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। यह बीमारियां आगे चलकर अंधेपन का कारण बनती हैं। इसलिए आप प्रतिदिन व्यायाम के जरिए अपने वजन को नियंत्रण में रखें। इसके अतिरिक्त आप कुछ विशेष प्रकार की आई एक्सरसाइज भी कर सकते हैं और अपनी आंखों को तंदुरुस्त रख सकते हैं।

आंखों के बचाव के तरीके

- लगातार रोजाना दो से तीन घंटे कंप्यूटर पर कार्य करने से व्यक्ति में कंप्यूटर विजन सिंड्रोम के लक्षण देखने को मिल सकते है। कुछ सावधानियां बरतकर कंप्यूटर विजन सिंड्रोम से बचाव किया जा सकता है।
- आंखों को सुरक्षित रखने के लिए कंप्यूटर, आईपैड, स्मार्टफोन से दूरी के साथ ही लाइफस्टाइल में बदलाव जरूरी है। तभी अधिकतर सीवीएस के लक्षणों को नियंत्रित किया जा सकता है।
- जिस कमरे में कंप्यूटर हो उसमें उचित प्रकाश होना जरूरी है, ज्यादा तेज रोशनी भी नहीं होनी चाहिए एवं प्रकाश व्यक्ति के पीछे से होना चाहिए, सामने से नहीं।
- जब भी कंप्यूटर के पास बैठें तो हर 20 मिनट के गैप में 20 सेकंड के लिए स्क्रीन से नजरें हटा लें और 20 फुट दूर किसी फिक्स्ड प्वाइंट पर फोकस करें।
- आइज मूवमेंट आंखों को बेहतर करने में लाभकारी है। ऑफिस या घर पर मॉनिटर को कुछ इस तरह सेट करें कि आंखें मॉनिटर के टॉप लेवल पर हों।
- कंप्यूटर डिवाइस का कंट्रास्ट या ब्राइटनेस लेवल को सेट करें या एंटीग्लेयर कवर और कंप्यूटर ग्लास फिट कराएं।
- बेहतर लेंस का प्रयोग करें या एंटी ग्लेयर (चौंध रहित) चश्मा पहनें एवं चौंध रहित स्क्रीन का प्रयोग करना चाहिए।
- जब कभी भी स्क्रीन के सामने घंटे भर से अधिक बैठे हों तो ड्राई आईज से बचने के लिए पलकें, धीरे-धीरे झपकाएं। साथ ही, सीवीएस से बचने के लिए स्मॉल ब्रेक्स और हेल्दी लाइफस्टाइल भी जरूरी है।
- आंखों के लिए कंप्यूटर विजुअल चैलेंज हो सकता है पर जब परहेज के साथ इस्तेमाल किया जाए तो पर्मानेंट डैमेज कभी नहीं होने देता। आंखों में जब भी अच्छा सा महसूस न हो तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें।

सुझाव

गायब हो जाएंगे मस्से

ये करें उपाए

बदसूरती पर दाग की तरह होते हैं मस्से। पर, इन मस्सों से छुटकारा पाने के लिए जरूरी नहीं है कि आप कॉस्मेटिक सर्जन के क्लीनिक के ही चक्कर लगाएं। कुछ बेहद आम बातों को ध्यान में रखकर भी आप इन मस्सों से छुटकारा पा सकती हैं। कोई खूबसूरत चेहरे की कामना करता है, लेकिन इस खूबसूरत चेहरे पर जब कोई दाग, मुहांसे या मस्से इत्यादि हों तो चेहरा एकदम बिगड़ सा जाता है। मस्सों से निजात पाने के लिए आज युवा हर उपाय अपनाने को तैयार रहते हैं। हालांकि मस्से सिर्फ चेहरे पर ही नहीं, बल्कि गर्दन, हाथ, पीठ, चिन, पैर इत्यादि कहीं पर भी हो सकते है। मस्सों को दूर करने के लिए कई तरह की क्रीम भी बाजार में मिल जाती हैं, लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस तरह की क्रीम्स बहुत ज्यादा असरकारक नहीं होती।

ऐसे होते हैं मस्से

दरअसल, मस्से पिगमेंट कोशिकाओं के समूह होते हैं, जो काले-भूरे रंग के होते हैं। आमतौर पर यह नुकसानदायक नहीं होते, लेकिन समय पर इनका इलाज न कराया जाए तो ये कैंसर का रूप ले सकते हैं। कुछ मस्से आनुवांशिक होते हैं तो कुछ अधिक धूप में रहने के कारण हो जाते हैं। कुछ मस्से ऐसे होते हैं, जो उत्पन्न होकर अपने आप समाप्त हो जाते हैं। मस्से के काटने या फोड़ने पर इनके शरीर के अन्य हिस्सों में होने की आशंका बनी रहती है। कभी-कभी मस्से का वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति की त्वचा पर आकर उसकी त्वचा पर भी मस्से बना देते हैं।

यह है उपचार

- बी कॉम्पलेक्स, विटामिन ए, सी, ई युक्त आहार के सेवन से मस्सों को दूर किया जा सकता है।
- साफ-सफाई का खास ध्यान रखना चाहिए और किसी दूसरे का तौलिया आदि इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए।
- मस्से पर आलू की फांक रगड़ें या केले के छिलके के भीतरी भाग को रगड़ें।
- मस्सा खत्म करने के लिए एक अगरबत्ती जला लें और अगरबत्ती के जले हुए गुल को मस्से का स्पर्श कर तुरंत हटा लें। ऐसा 8-10 बार करें, इस उपाय से मस्सा सूखकर झड़ जाएगा।
- कुछ खट्टे सेब लेकर उनका जूस निकालें और उसको दिन में कम से कम तीन बार मस्से की जगह पर लगाएं। नियमित रूप से लगाने पर आप पाएंगे कि मस्से धीरे-धीरे झड़ रहे हैं और तीसरे सप्ताह तक यह बिल्कुल खत्म होते दिखेंगे।
- एक प्याज को लेकर उसके रस को दिन में एक बार नियमित रूप से लगाना प्रभावकारी होगा।
- बेकिंग सोडा और अरंडी के तेल को रात में मस्सों पर लगाकर सोने से मस्सों को दूर करने में मदद मिलती है।
- हालांकि मस्सों के इलाज की तकनीक हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग होती है, लेकिन आमतौर पर होने वाले मस्सों पर यदि लहसुन का रस हर दिन लगाया जाए तो मस्से दूर हो जाते हैं। आप फूलगोभी के रस को प्रतिदिन मस्सों पर लगा सकती हैं।
- हर सुबह और रात मस्सों पर शहद लगाएं।
- मस्सों से छुटकारा पाने के लिए पोटैशियम बहुत लाभदायक है। पोटैशियम सेब, केला, अंगूर, आलू, मशरूम, टमाटर, पालक आदि में होता है।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-8-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी वार्ता को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिजनों का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। शुभांक-5-7-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-7-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-3-4-6

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-4-7-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-5-7

काकुरो पहेली - 3324



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 3323 का हल



लॉफिंग ज़ोन

अपने पति की हत्या के मामले में कटघरे में खड़ी महिला से न्यायाधिश ने कहा- आपको अपनी सफाई में क्या कहना है?

महिला : मैं क्या कह सकती हूँ, मेरे यहाँ सफाई तो नौकरानी करती है। इस विषय में इससे ज्यादा जानकारी तो वही दे सकती है।

□ □ □

रमन (प्रेमिका) से- गीता, प्लीज मुझसे शादी के लिए हाँ कर दो ना....! मैं तुम्हारी हर छोटी-छोटी इच्छाओं को पूरी करूँगा।

प्रेमिका बोली- ये सब तो ठीक है, परंतु मेरी उन बड़ी इच्छाओं का क्या होगा? उसे कौन पूरा करेगा दूसरा पति।

□ □ □

एक बार तीन नीग्रो जंगल में जा रहे थे। घने जंगल के रास्ते में उन्हें भगवान मिले। भगवान ने उन्हें एक-एक वरदान माँगने के लिए कहा।

पहला बोला- मुझे गोरा बना दो।

भगवान- तथास्तु।

दूसरा बोला- मुझे भी गोरा बना दो।

भगवान ने कहा- तथास्तु।

अब तीसरे नीग्रो के माँगने की बारी थी। उसने वरदान माँगा- इन दोनों को फिर से काला-काला बना दो।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 3324



बायें से दायें:-

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुगलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता वाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे बादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शत्रुघ्न की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर. इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राकेश खन्ना, रिमता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, तर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महेशभट्ट, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

ऊपर से नीचे:-

१. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, सेमी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफ्ट अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की शुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें तरस के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सालिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बॉबी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, रिचकाल खन्ना की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3323

सूडोकु -3324

		8			4			
1								9
3				2			5	
			1				8	
		5				4		
	7				9			
	6			3				2
9								1
			8			7		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु - 3323 का हल

3	6	8	5	9	1	4	7	9
7	9	1	4	6	3	5	8	2
2	4	5	7	2	8	6	3	1
9	1	3	2	5	4	8	6	7
4	6	2	8	1	7	9	5	3
5	8	7	6	3	9	1	2	4
3	2	4	1	8	5	7	9	6
8	7	6	9	4	2	3	1	5
1	5	9	3	7	6	2	4	8

शब्द पहेली - 3324



बाएँ से दाएँ

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साडी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

ऊपर से नीचे

2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.यम-सौता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली -3323 का हल

दूसरे दिन भी जारी रहा निजी स्कूल बसों का औचक निरीक्षण

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, पंचकूला द्वारा दूसरे दिन बुधवार को भी फरीदाबाद शहर के निजी स्कूलों की बसों का औचक निरीक्षण किया गया। बाल आयोग की अगुवाई व आदेशानुसार गठित जिला स्तरीय निरीक्षण टीम जिसमें लगभग 15 से 20 सदस्य थे, जिसमें विशेष रूप से बाल कल्याण समिति, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, जिला ट्रैफिक पुलिस, शिक्षा विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई व चाइल्ड हेल्पलाइन आदि। टीम का नेतृत्व करते हुए हरियाणा बाल आयोग, पंचकूला के सदस्यों श्रीमती सुमन राणा व गणेश कुमार बताया पूरे हरियाणा राज्य में परिवहन विभाग हरियाणा द्वारा निर्धारित सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी अधिनियम के तहत दी गई 28 शर्तों की अनुपालना की मॉनिटरिंग चल रही है। जिसके तहत जिला स्तर टीम द्वारा स्कूल बसों का निरीक्षण किया जा रहा है।

आज दूसरे दिन भी फरीदाबाद भी इस टीम ने कई निजी स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया। जिसके तहत बसो में विशेष रुप से फर्स्ट ऐड किट, अग्निशामक यंत्र, स्कूल प्रशासन के नम्बर, पुलिस, चाइल्डलाइन नम्बर, बसों में सीसीटीवी कैमरा, स्कूलों के फोन नम्बर, लेडी बस एटैंडेंट व कंडक्टर का होना, बसों में रुट चार्ट का होना, बसों में सिटिंग कैपेसीटी से ज्यादा बच्चों का न होना, स्पीड नियंत्रक का होना, बसों में जीपीएस सिस्टम होना, बसों में सीट बैल्टों का होना, बसों की आगे-पीछे ऑन स्कूल डयूटी लिखा होना इत्यादि, जिसके तहत आज फरीदाबाद के सोहना रोड़ स्थित रावल इन्टरनैशनल स्कूल, रोजवैली स्कूल, पॉली हिल ग्लोबल स्कूल, सैंट जॉन स्कूल, सैनिक कालोनी, सेक्टर -21 स्थित श्रीराम मॉडल स्कूल, बीपीटीपी स्थित एमडीपीएस स्कूल, मॉडर्न स्कूल, व सेक्टर- 80 स्थित शिव नादर स्कूल इत्यादि स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया गया।

आज के दिन भी कुछ स्कूलों की बसों में खामियां मिली जिसकी तुरंत प्रभाव से सुधारीकरण के लिए सभी स्कूल प्रबंधकों को सख्त हिदायतें दी गई तथा मौके पर आरटीए व ट्रफिक पुलिस फरीदाबाद द्वारा कुछ स्कूल बसों के चालान भी किए गए व स्कूल वाहन एम्पांउंड भी किये गए। आयोग की टीम द्वारा बस ड्राईवरों, कंडक्टरों व लेडी बस एटैंडैंटों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों की जानकारियां भी प्रदान की गई ताकि स्कूल के बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकें।

बाल आयोग के सदस्य गणेश कुमार व श्रीमति सुमन राणा ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, स्कूलों बसों को लेकर काफी गंभीर है पूरे राज्य में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की सही अनुपालना करवाना ही आयोग का उद्देश्य है ताकि बच्चों के साथ कोई और दुर्घटना ना हो पाए। टीम सदस्यों ने बताया कि आज लगभग 100 से भी ज्यादा स्कूल बसों का निरीक्षण किया गया।

आज के इस मौके पर हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, पंचकूला के सदस्य श्रीमती सुमन राणा व गणेश कुमार, बाल कल्याण समिति, फरीदाबाद के सदस्य सुनील यादव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, फरीदाबाद के मुख्य निरीक्षक गजेन्द्र गौतम व उनके सहयोगी योगेश व विरेन्द्र, जिला ट्रैफिक पुलिस के सहायक निरीक्षक अजयवीर व जगवीर, उप-जिला शिक्षा अधिकारी, फरीदाबाद सतीश चंद्र, अध्यापक प्रसादी लाल, प्राचार्य जयप्रकाश, अध्यापक सुधीर सिंह व तेजपाल, जिला बाल संरक्षण इकाई, फरीदाबाद की प्रतिनिधि श्रीमती अपर्णा, काउंसलर, सामाजिक कार्यकर्ता युद्धबीर, चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार भी उपस्थित थे।

नाबालिग की हत्या कर शव दफनाने के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। फरीदाबाद के थाना धौज की टीम ने 17 वर्षीय नाबालिग लडक्री की हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मिर्जाशाद उर्फ निन्जा है, जो दक्षिणी दिल्ली के चंदनहुल्ला गांव का रहने वाला है। आरोपी रिश्ते में मृतक लडक्री का मामा लगता है। बता दें कि 7 जून 2024 को ताहिर वासी धौज ने साउदी अरब से पुलिस आयुक्त को मेल के माध्यम से एक शिकायत दी, कि उसकी पत्नी हनीफा, साली रुकसीना, साढ़ू जफरुद्दीन व साले मिर्जाशाद उर्फ निन्जा ने मिलकर उसकी लडक्री परवीना(17) की मृत्यु कर दी। जिस पर कार्रवाई करते हुए आईओ द्वारा मृतक लडक्री की मां के बयान दर्ज किए। जिसने बताया कि लडक्री ने पिछले साल खुदकुशी कर ली थी। मामले में जांच करते हुए ज्ञात हुआ कि मृतक लडक्री परवीना(17) की लाश मकान में दबी हुई है। जिस पर लाश को निकालने के लिए स्थरू बडखल को पत्र लिखकर ड्युटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कराया गया। मौके पर डॉ. मनीषा टीम व फोटोग्राफर पर बुलाया। मृतका परवीना की माता के बतलाए अनुसार टिन शेड में खुदाई कराई गई। खुदाई दौरान मानव कंकाल सिर की खोपडी हाथ-पैर की हड्डियां मिली। जिसका पोस्टमॉर्टम नलहड नूंह से कराया गया। 27 जून 2024 को एसएचओ धौज को शिकायतकर्ता ताहिर ने साउदी अरब से आकर लिखित शिकायत दी। जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई। पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह ने मामले में संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। जानकारी देते हुए बताया कि मृतिका के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच की जा रही थी।शिकायतकर्ता ताहिर पिछले 13 वर्ष से ड्राइवर की नौकरी सऊदी अरब में करता है। मृतिका की माता से पूछताछ में खुलासा हुआ है, उसकी लडक्री परवीना उम्र 17 साल गांव के किसी लडके के साथ चली गई थी और गांव के मौजिज लोगों ने दोनों पक्षों का फैसला करा दिया था। जिसको लेकर आरोपी महिला ने अपने बेटे वाजिव व मुजाहिद तथा भाई निन्जा की मदद से परवीना की हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी वाजिव पुत्र ताहिर व आरोपी मुजाहिद पुत्र ताहिर तथा पत्नी हनीफा को धौज गांव से गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी निन्जा पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए फरार चल रहा था। जिसके लिए पुलिस ने उसके ठिकानों पर रेड डाली, लेकिन वह बचता रहा। पुलिस द्वारा लगातार दबिश देने के चलते दबाव में आकर निन्जा ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि निन्जा ने अपनी बहन को नींद की गोलियां लाकर दी थी और अपनी भांजी को मारने में मदद की थी। आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जिसमें मामले में गहनता से पूछताछ करके कानून के तहत आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

सभी सरकारी और गैर सरकारी औद्योगिक संस्थान ले पोश प्रशिक्षण : संगीता वर्धन

कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर हरियाणा राज्य विधि आयोग की सदस्य ने की समीक्षा बैठक

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर पोश एक्ट 2013 के सम्बन्ध में आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में औद्योगिक इकाइयों और निजी अस्पतालों के आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हरियाणा राज्य विधि आयोग की सदस्य संगीता वर्धन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। हरियाणा राज्य विधि आयोग की सदस्य संगीता वर्धन संगीता वर्धन ने बताया कि पोश एक्ट के तहत देश में हर संस्था या कंपनी को 10 सदस्यों की एक कमेटी बनाने की बाध्यता है। यह कमेटी उस जगह या कंपनी में काम कर रहीं महिलाओं की शारीरिक और लैंगिक उत्पीडन.जैसी समस्याओं को सुनेगी। कानून के मुताबिक कमेटी की हेड महिला ही होनी चाहिए।

कमेटी के पास उतनी पावर होगी, जितनी सिविल कोर्ट के पास होती है। ये कमेटी विक्टिम का बयान ले सकती है, मामले से जुड़े सबूतों और गवाहों की जांच भी कर सकती है। यदि कमेटी किसी को दोषी पाती है तो वह उचित कार्रवाई के लिए अदालत और पुलिस को सूचित कर सकती है। प्रशासन का उद्देश्य है कि वह गरीब, अशिक्षित और पिछड़े तबके की महिलाओं को इस कानून और उससे जुड़े नियमों के बारे में बताकर उन्हें जागरूक करें। अगर कोई संगठन इस कानून का पालन नहीं करता, तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है। सभी कंपनियों में नियमित रूप से पोस ट्रेनिंग सेशन और वर्कशॉप्स का आयोजन प्रशासन द्वारा किया जाएगा ताकि महिला कर्मचारियों को इस विषय में संवेदनशील व जागरूक बनाया जा सके। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम फरीदाबाद शिखा ऑंतिल ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित रखने के लिए पोस एक्ट (प्रीवेंनशन ऑफ एक्सुअल हरासमेंट एक्ट) के तहत जागरूकता और सख्त नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। सभी सरकारी और गैर सरकारी औद्योगिक संस्थान कार्यस्थलों पर लैंगिक उत्पीडन. के विरुद्ध स्पष्ट नीतियां होनी चाहिए और महिला कर्मचारियों को इसके बारे में जागरूक भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी और गैर सरकारी औद्योगिक संस्थानों में महिलाओं की शिकायत के लिए आईसीसी कमेटी का गठन करें और चयनित सदस्यों को पोश प्रशिक्षण दिलवाएं। सरकारी और गैर सरकारी औद्योगिक संस्थानों में महिलाओं के सामने आने वाली परेशानी की शिकायत आईसीसी कमेटी में दर्ज की जाए। आईसीसी कमेटी में आने वाली शिकायतों पर तुरंत प्रभाव से संज्ञान ले। अगर किसी महिला का किसी भी प्रकार से शोषण या उत्पीडन. किया जाता है तो पीड़ित महिला अपनी शिकायत महिला थाना में भी दर्ज करवा सकती है।

धान खरीद को लेकर किसान परेशान, नमी बता एजेंसी नहीं कर रही खरीद



समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। फरीदाबाद में धान की खरीद को लेकर किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बल्लभगढ़ मंडी में किसानों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मंडी में 26 नम्बर की परमल यानी मोटा धान लेकर पिछले 3 दिन से आए हुए हैं, लेकिन उसे कोई खरीदने वाला नहीं है। पूछने पर कह दिया जाता है कि अभी उसमें नमी है, जिसके चलते उसे मंडी में सुखाने को मजबूर है। किसानों का आरोप है कि खरीद करने वाली एजेंसी अभी नहीं आ रही है। जिसके चलते खरीद नहीं हो रही। इस मजबूरी में उन्हें अपना माल आढ़तियों को बेचना पड़ रहा है। उनकी इस परेशानी का आढ़ती भी जमकर फायदा उठा रहे हैं। औने-पौने रेट में उन से धान खरीद रहे हैं। किसानों ने कहा कि सरकारी खरीद दो ग्रेड पर होती है। ए और बी पर खरीद की जाती है, ए ग्रेड 2320 रुपए का, बी ग्रेड 2305 रुपए पर है। उन्होंने कहा जब भी अधिकारियों से पूछते हैं, तो वह की कह देते हैं कि एजेंसी अभी नहीं आ रही है, क्योंकि अभी एग्रीमेंट साइन नहीं हुआ है, जैसे ही एग्रीमेंट साइन हो जाएगा। एजेंसी खरीदने के लिए आ जाएगी।बल्लबगढ़ अनाज मंडी के कमेटी सचिव इंद्रपाल ने बताया कि मंडी में धान की जो खरीद होती है। 1509 -1121-1847 और मोटे धान की होती है, अब तक 92 हजार क्विंटल 1509 धान की खरीद हो चुकी है। सभी की लिसटिंग की जा चुकी है। मंडी में 3500 क्विंटल मोटा धान आ चुका है। जिसमें से 500 क्विंटल गवर्नमेंट रेट पर खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि दो एजेंसियां मोटे धान को खरीद कर रही है, एक हैफेड़ और दूसरी हरियाणा स्टेट वेयर हाउस यह दोनों एजेंसियां सरकारी रेट पर खरीद कर रही हैं।

महिला के गॉलब्लैडर से निकली 1170 पथरी

डा. बीडी पाठक के नेतृत्व में डाक्टरों की टीम ने दिया सर्जरी को अंजाम

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। फरीदाबाद में फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल के डाक्टरों ने 36 वर्षीय एक महिला के गॉल ब्लैडर में से 1170 पथरी निकाली है।

फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल के डायरेक्टर, जनरल सर्जरी डॉ बीडी पाठक के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने इस सर्जरी को अंजाम दिया और मरीज की हालत स्थिर होने के बाद अगले दिन उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मरीज को इससे पहले, पिछले 2-3 दिनों से पेट में भयंकर दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज की अल्ट्रासाउंड जांच समेत अन्य डायग्नॉस्टिक टेस्ट से पता चला कि उनके गॉल ब्लैडर में कई स्टोन्स (पथरी की समस्या) थे।

इनमें से कई स्टोन्स कॉमन बाइल डक्ट में चले गए थे जिनकी वजह से उन्हें पैंक्रियाइटिस की शिकायत भी हो चुकी थी।

डॉक्टरों ने कॉमन बाइल डक्ट से स्टोन्स निकालने के लिए शुरू में एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड कोलनजियोपैंक्रियोग्राफी (ईआरसीपी) प्रक्रिया की और इसके बाद सिंगल इंसाइजन लैपरोस्कोपिक सर्जरी की मदद से गॉल ब्लैडर में से बाकी स्टोन्स भी निकाले।

डॉ. बीडी पाठक ने बताया कि यह ऐसा दुर्लभ मामला था जिसमें मरीज के गॉलब्लैडर से 1170 से अधिक स्टोन्स निकाले गए।

यदि समय पर मरीज का इलाज नहीं किया जाता तो इन स्टोन्स की वजह से उन्हें जॉन्डिस या पैंक्रियाज़ में सूजन और गॉलब्लैडर में छेद की समस्या भी हो सकती थी। यह एक्यूट कोलेसाइटिटिस का ऐसा दुर्लभ मामला था जिसकी वजह से गॉल ब्लैडर में सूजन और लाली भी आती है।

फरीदाबाद में परिवार के लोगों ने किया हमला, बरसाए पत्थर

पुलिस की गाड़ी तोड़ी, जमीनी विवाद बताया कारण

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। फरीदाबाद में यूपीएससी की तैयारी करने वाली युवती के घर पर उसके ही कुनबे के सगे चाचा के परिवार ने हमला कर दिया और ईंट व पत्थर बरसा कर सामान तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। यही नहीं युवती की मां के सिर पर वार कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब हमलावरों को समझाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने पुलिस की गाड़ी पर भी हमला कर शीशे आदि तोड़ दिए। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव मच्छर निवासी शिवानी धनकड़ बीएचयू(बनारस) की छात्रा है और यूपीएससी की तैयारी कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में शिवानी ने कहा है कि मंगलवार की शाम वह अपने सहेली घर पर दयालपुर आई हुई थी। मेरे पिता व माता काम से बाहर गए हुए थे। भाई रितिक अकेला था। आरोप है कि सगे चाचा सतवेन्द्र उर्फ पिल्लर दो लोगों के शराब पीकर गाली-गलौच करने लगे और उसके साथ मारपीट करने लगे। चाचा और उनके साथियों ने मिल कर हमारे घर पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। तभी मम्मी-पापा और मैं भी घर पर आ गई। इन तीनों ने हम सभी पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। किसी तरह घर के अंदर घुसकर अपनी जान बचाई। ईंट पत्थर बरसाने के कारण पानी की टंकी और दीवार टूट गई। मोटरसाइकिल को भी बुरी तरह से तोड़ दिया फिर चाचा ने मम्मी के सिर में डंडा मार दिया, जिससे वह घायल हो गई। शिवानी ने बताया कि घटना की जानकारी डायल 112 पर पुलिस को दी। मौके पर डायल 112 की गाड़ी आई, तो आरोपी चाचा सतवेन्द्र ने डायल 112 पुलिस की गाड़ी पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया और उसके शीशे आदि तोड़ दिए। गाड़ी में बैठे पुलिसकर्मियों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। इसके बाद थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हमलावर फरार हो गए। आईएमटी चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि हमले का मुख्य आरोपी सतवेंद्र को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में हमले का कारण जमीनी विवाद माना जा रहा है।

राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 10 दिसंबर : उपायुक्त विक्रम सिंह

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि हिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं के लिए राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं हेतु इन्दिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार तथा लाइफ-टाइम अचीवर्स अवार्ड दिए जाएंगे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि नामांकन सम्पूर्ण बायोडाटा सहित किये गए योगदान की विस्तृत जानकारी के साथ नामांकन संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कमरा नंबर 205, सेक्टर 12, लेबर कोर्ट, फरीदाबाद के कार्यालय में अंतिम तिथि -10 दिसंबर 2024 तक भेजे जा सकते हैं। जो जिला स्तरीय recommending कमेटी संस्तुत के साथ इन नामांकनों को जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा के कार्यालय निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा को अंतिम तिथि 27 दिसंबर 2024 तक प्रेषित करेंगे। पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आवेदन करने के लिए योग्यताएं एवं शर्तें विभाग की वेबसाइट www.wcdhry.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

संपादकीय

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष की यात्रा

2025 की विजयादशमी पर संघ सौवें वर्ष में पहुंच गया है। ऐसे में इस यात्रा के कुछ पड़ावों पर नजर डालते हैं।

डा. हेडगेवार ने संगठन को देश की राष्ट्रीय आवश्यकता कहा था। उन्होंने कोलकाता में क्रांतिकारियों और नागपुर में कांग्रेस के साथ काम किया पर संघ स्थापना के बाद पूरी शक्ति यहीं लगा दी। इसलिए पहले 50 साल संघ ने केवल संगठन किया। यद्यपि अन्य बहुत कुछ भी शीर्ष नेतृत्व के मन में था। दत्तोपंत ठेंगड़ी इसे प्रोगेसिव अनफोल्डमेंट कहते थे। इसके बल पर ही संघ ने हर संकट को झेला।

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

इस पहले दौर में स्वयंसेवकों ने कई संस्थाएं बनायीं। इनमें राष्ट्र सेविका समिति (1936), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (1949), वनवासी कल्याण आश्रम (1952), भारतीय मजदूर संघ (1955), विश्व हिन्दू परिषद (1964), भारतीय जनसंघ/भारतीय जनता पार्टी (1951), सरस्वती शिशु मंदिर/विद्या भारती (1952) आदि प्रमुख हैं। यद्यपि इनके संविधान, कोष, पदाधिकारी, कार्यक्रम आदि अलग हैंय पर प्रेरणा संघ की ही है।

संघ पर प्रतिबंध: संघ पर 1932 और 1940 में शासन ने आंशिक प्रतिबंध लगायेय पर वे ज्यादा नहीं चले। 1948 में गांधी जी की हत्या के बाद फिर प्रतिबंध लगा। तब शासन, प्रशासन और जनता संघ के विरोध में थी। प्रचार माध्यम सरकार के पास थे। संघ के पास अपनी बात कहने का कोई साधन नहीं था। फिर भी संघ ने सत्याग्रह से सरकार को झुका दिया।

पर फिर शाखा के साथ ही समविचारी संगठनों का विस्तार और प्रभाव बढ़ने लगा। इसीलिए जब 1975 में इंदिरा गांधी ने संघ पर प्रतिबंध लगाया, तो जनता संघ के साथ रही। संघ ने फिर सत्याग्रह किया। जनता डर से चुप थी, पर चुनाव में उसका आक्रोश फूट पड़ा और इंदिरा गांधी हार गयी। यह संगठन के बल पर ही हुआ। समाज में बढ़ती स्वीकार्यता का लाभ उठाकर संघ ने संगठन को फैलाया तथा स्वयंसेवकों ने अनेक नयी संस्थाएं बनायीं।

1992 में बाबरी विध्वंस के बाद सरकार ने फिर प्रतिबंध लगाया, जिसे न्यायालय ने ही खारिज कर दिया। 1975 और 1992 के प्रतिबंध से संघ के संगठन और प्रभाव में वृद्धि हुई। उसका नाम दुनिया भर में फैल गया।

1977 के बाद: इसे हम दूसरा 50 वर्षीय कालखंड कह सकते हैं। संघ ने अनुभव किया कि हमारा काम समाज के निर्धन वर्ग में नहीं है। इनकी पहली जरूरत रोटी, कपड़ा और मकान है। इस कारण लोग धर्मांतरण भी कर लेते हैं। मीनाक्षीपुरम् कांड इसका उदाहरण था। अत: सेवा के क्षेत्र में प्रवेश किया गया। 1989 में डा. हेडगेवार की जन्मशती पर सेवा निधि एकत्र कर हजारों पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनाये गये। निर्धन बस्तियों को सेवा बस्ती कहकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के हजारों छोटे प्रकल्प शुरू किये। अब इनकी संख्या डेढ़ लाख से भी अधिक है। अब सैकड़ों बड़े प्रकल्प भी हैं, पर मुख्य ध्यान छोटी इकाइयों पर ही है। केवल संघ ही नहीं, तो सभी समविचारी संस्थाएं सेवा कार्य कर रही हैं। यहां से पुरुष और महिला कार्यकर्ता भी आगे आ रहे हैं।

कुछ चुनौतियां: 1947 में देश विभाजन एक बड़ी चुनौती थी। इस दौरान पंजाब और सिंध में संघ ने सीमित शक्ति के बावजूद लाखों हिन्दुओं की रक्षा की, महिलाओं की लाज बचाई और उनका पुनर्स्थापन किया। बंगाल में शक्ति कम होने से यह प्रभावी ढंग से नहीं हो सका।

1950 में प्रतिबंध हटने पर कुछ लोगों का विचार था कि निर्दोष होते हुए भी संसद या किसी विधानसभा में कोई हमारे पक्ष में नहीं बोला। अत: हमें शाखा छोड़कर केवल राजनीति करनी चाहिएय पर सरसंघचालक श्री गुरुजी नहीं माने। उन्होंने कहा कि राजनीति जरूरी होते हुए भी सब कुछ नहीं है। इससे कई बड़े लोग नाराज हो गये। यद्यपि संघ ने फिर राजनीति में भी कई लोगों को भेजा, पार्टी भी बनायी, पर राजनेताओं और दलों का जो हाल है, उससे श्री गुरुजी की बात प्रमाणित हो रही है।

संगठन होने के कारण संघ तथा संघ प्रेरित संस्थाएं लगातार नयी टीम बनाकर पुरानों के संरक्षण में उन्हें पदस्थापित करते रहते हैं, पर 1968 में भारतीय जनसंघ को एक झटका लगा। दीनदयाल जी का निधन हो चुका था। जनसंघ वाले अटल बिहारी वाजपेयी को आगे लाना चाहते थे। इससे रुष्ट होकर बलराज मधोक ने पार्टी छोड़ दी, पर जल्दी ही वे समझ गये कि कुछ लोग कुछ समय के लिए कोई संस्था तो चला सकते हैं, पर संगठन नहीं। अत: वे शांत होकर फिर संघ के कार्यक्रमों में आने लगे। यद्यपि उनके अलगाव से श्री गुरुजी सहित सब स्वयंसेवकों को दुख हुआ, पर संघ में व्यक्ति नहीं, संगठन महत्वपूर्ण है।

ऐसी ही एक चुनौती 2018 में विश्व हिन्दू परिषद में आयी। एक प्रभावी नेता ने अपनी नयी संस्था बना ली। यहां भी टकराव व्यक्ति और संगठन में ही था। आशा है वे भी शीघ्र ही मुख्य धारा में लौट आएंगे।

अब आगे की ओर: कभी संगठन के लिए संगठन की बात कही जाती थी, पर 50 साल संगठन और 50 साल विस्तार के बाद अब संघ समाज परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है। जहां संघ का काम पुराना है, वहां परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और स्थानीय वस्तुओं का प्रयोग, सामाजिक समरसता, एक मंदिर, एक शमशान, एक जलस्रोत, नागरिक कानूनों के पालन आदि का आग्रह किया जा रहा है। संघ के प्रयास से इस दिशा में भी नि:संदेह सुधार होगा। समाज में हजारों संस्थाएं और लोग अच्छे काम कर रहे हैं। संघ उन्हें भी साथ लेकर सम्मान और श्रेय देता है। संस्थागत अभिनिवेश से मुक्ति संघ की एक बड़ी विशेषता है।

यद्यपि जब से भाजपा की सरकारें केन्द्र और राज्यों में बन रही हैं, तब से संघ में भीड़ भी आने लगी है। नये लोगों का आना सुखद है, पर जो स्वार्थवश आ रहे हैं, उनसे सावधान रहना होगा। नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे से लेकर परम वैभवं नेतुमेतत् स्वराष्ट्रम् की इस अविराम यात्रा में बहुत काम बाकी है। निस्संदेह अगले कुछ वर्ष में करोड़ों स्वर भारत माता की जय बोलेंगे और विश्वगुरु भारत का सपना साकार होगा।

कनीना में नव वर्ष तक 14 वार्डों के लिए होंगे नगरपालिका चुनाव

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। लोकसभा तथा विधान सभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद स्थानीय निकाय के चुनाव होने की संभावना बन गई है। नगरपालिका कनीना में इस बार 13 के स्थान पर 14 वार्ड के लिए चुनाव होगें। नपा परिसीमन में एक वार्ड की बढ़ौतरी कर दी गई है। इस बारे में शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा की ओर से इस बारे में बीते समय अधिसूचना जारी की गई थी। नपा में किसी भी नजदीकी गांव को शामिल नहीं किया गया है,पुराने क्षेत्रफल अनुसार नपा वार्डों का विस्तार किया गया है। निदेशक शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से 14 वार्डों का परिसीमन की ड्राफ्ट तैयार किया जा चुका है। बीते समय तैयार की गई 13 वार्डों की सूचि के मुताबिक कनीना में कुल 9626 मतदाता दर्शाए गए थे। 14 वार्ड का गठन करने के उपरांत मतदाता सूचि को पुन अपडेट किया जायगा। नव वर्ष तक स्थानीय निकाय के चुनाव होने की संभावना है।

खांबी मंडी में धान की खरीद ना होने से गुस्साए किसानों ने किया यातायात जाम, वाहनों की लगी कतार

समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

होडल। गांव खांबी की अनाज मंडी में पिछले दो सप्ताह से किसानों की धान की फसल की सरकारी खरीद ना होने से गुस्साए किसानों ने बुधवार सुबह अपने टैक्टरों को हसनपुर-पलवल मार्ग पर आड़ा-तिरछा खड़ा कर यातायात जाम कर दिया। किसानों द्वारा जाम लगाते ही मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना मिलते ही हसनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के बार-बार समझाने के बाद भी जब किसानों ने जाम नहीं खोला तो हसनपुर मार्केट कमेटी के अधिकारियों को मौके पर बुलाना पड़ा। सूचना मिलते ही हसनपुर मार्केट कमेटी के सेकेट्री मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसानों को समझा- बुझाकर कर यातायात जाम को खुलवाया। मार्केट कमेटी सेकेट्री ने सरकारी खरीद करने वाली दोनों कंपनियों के अधिकारियों को भी मौके पर बुला लिया। हसनपुर-पलवल मार्ग पर लगभग एक घंटे रहे यातायात जाम में फंसे वाहन चालकों व ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

गांव खांबी की अनाज मंडी में किसान पिछले दो सप्ताह से अपने घरों को छोड़कर अपनी धान की फसल की ढेरियों पर बैठे हुए है। मंडी में पिछले दो सप्ताह में उनकी धान की फसल की एक दाने की भी सरकारी खरीद नहीं हुई है जिसके कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब किसानों को हो रही समस्या की ओर किसी का ध्यान नहीं गया तो किसानों में गुस्सा पनप गया और गुस्साए किसानों ने बुधवार को हसनपुर-पलवल मार्ग पर अपने ट्रैक्टरों को आड़ा- तिरछा खड़ा कर यातायात जाम कर दिया। किसानों के मार्ग जाम करते ही मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना मिलते ही हसनपुर थाना प्रभारी संजीव कुमार पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी ने किसानों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसानों ने उनकी एक नहीं सुनी। थाना प्रभारी ने हसनपुर मार्केट कमेटी के सचिव नरवीर को सूचना दी। सूचना मिलते ही नरवीर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। किसानों ने अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी मिल मालिकों से मिलकर हमारी फसल को सरकारी रेट 2320 में खरीदने के बजाए 1800 रुपए में खरीदने की फिराक में है। उन्होंने कहा कि पिछले दो सप्ताह से सरकारी खरीद न होने के कारण वह भूखे प्यासे अपने घरों को छोड़कर मंडी में पड़े है। इसके अलावा हमारी फसल में नमी बताकर कम दामों में हमारी फसल को खरीद रहे है। इसके अलावा मिल मालिक जब मंडी से प्राइवेट खरीद कर रहे है तो पोर्टल के नाम पर 300 रूपए पर क्विंटल काटकर मिल मालिकों को फायदा पहुंचाने का काम किया जा रहा है। मार्केट कमेटी के सेकेट्री नरवीर ने किसानों में भरते गुस्से को देख खरीद एजेंसी के अधिकारियों को भी मौके पर बुला लिया। मंडी सेकेट्री ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि उनके एक-एक दाने की खरीद की जाएगी और आज से ही सरकारी एजेंसियां खरीद करेंगी। सेकेट्री के आश्वासन के बाद ही किसानों ने जाम खोला और यातायात सुचारू रूप से शुरू हो सका।

अधिकारियों की लापरवाही के कारण लगी कपास की फसल में आग, दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर पाया आग पर काबू

समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

होडल। अग्रसेन चौक स्थित नई अनाज मंडी में पड़ी किसानों की कपास की फसल में मंगलवार देर रात बिजली की तार टूट कर गिरने से आग लग गई। आग लगने के तुरंत बाद आस पास काम कर रहे पल्लेदारों, और किसानों में भगदड़ मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। गनीमत यह रही कि आग विकराल रूप धारण करती उससे पहले आग पर काबू पा लिया गया और एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

होडल गौहांता रोड अग्रसेन चौक पर स्थित नई अनाज मंडी में मंडी के मार्केट कमेटी और बिजली विभाग के अधिकारीयो की लापरवाही के कारण बिजली की तार टूटने से नीचे पड़ी कपास की फसल में आग लग गई। चार दिन पहले ही होडल के विधायक हरेंद्र रामरतन अनाज मंडी का निरीक्षण करने पहुंचे थे और किसानों को मंडी में होने वाली समस्याओं से रूबरू हुए थे उन्होंने मंडी में किसानों की समस्याओं को सुना और मंडी का निरीक्षण किया । जब वह मंडी का निरीक्षण कर रहे थे तब उन्होंने मंडी में बिजली की तारों को देख कर मंडी के सेकेट्री और बिजली विभाग के कर्मचारियों को बिजली की तारों को ठीक करने के निर्देश दिए थे। लो, लेकिन दोनों विभागों के अधिकारियों ने विधायक के कहने के बाद भी बिजली की तारों को ठीक नहीं करवाया जिस कारण मंगलवार देर शाम बिजली की तार टूट कर कपास की फसल पर गिर गई और कपास में आग लग गई। कपास की फसल में आग लगते ही किसानों व वहां काम कर रहे मजदूरों में भगदड मच गई। किसान ओर मजदूर आग-आग कहकर चिल्लाने लगे। गनीमत रही कि सही वक्त पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में सफल रही। मंडी के सेकेट्री और बिजली विभाग के अधिकारियों की

लापरवाही एक भयानक हादसे का रूप ले सकती थी। बिजली की तारों की चपेट में कोई व्यक्ति भी आ सकता था। अधिकारियों की लापवाही के कारण एक बड़ा हादसा होते होते टल गया है।

भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने प्रदेश के दोबारा मुख्यमंत्री बनने पर नायब सिंह सैनी को दी बधाई

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। बुधवार को पंचकूला में भाजपा मुख्यालय पर हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में आदरणीय नायब सिंह सैनी को भाजपा विधायक दल का नेता व लगातार दूसरी बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन व उनकी धर्मपत्नी नसीमा हुसैन एडवोकेट ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ दी। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में प्रदेश और तेजी से

उन्नति करेगा। पिछले 56 दिनों में प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए थे अब उनके नेतृत्व में और तेजी आएगी। हुसैन ने कहा कि मेवात क्षेत्र में उनके मुख्यमंत्री की खबर से खुशी का माहौल है। वो सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाले व सरल स्वभाव व मिलनसार व्यक्तितत्व के धनी हैं। उनकी कार्यशैली से प्रदेश का आम जन प्रभावित है। उल्लेखनीय है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के नूंह निवास पर बुधवार को नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने की खबर के बाद मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई गईं।

फिरोजपुर झिरका विधानसभा से इनेलो प्रत्याशी रहे हबीब हवननगर और उसके दर्जन भर साथियों के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज

पुलिस को पीड़ित पक्ष द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी, गाड़ी तोड़ने व पैसे लूटने की दी थी शिकायत।

मामला दर्ज कर लिया गया है, जल्द ही आरोपियों को गिरफतार किया जाएगा : पुलिस

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। फिरोजपुरझिरका से विधानसभा चुनाव में इनेलो पार्टी से प्रत्याशी रहे हबीब हवननगर और उसके दर्जन भर साथियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बीते चार अक्टूबर की रात्रि चुनाव से एक दिन पहले हबीब हवन नगर और उसके दर्जन भर साथियों के खिलाफ सलीम पुत्र अययुब निवासी अकलीमपुर थाना नगीना ने मारपीट, लूटपाट और उनकी गाड़ी के सामने गाड़ी लगा कर उनकी गाड़ी को तोड़ने की शिकायत फिरोजपुर झिरका थाने में दी थी। जिसकी पुलिस ने जांच पड़ताल कर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस को पीड़ित सलीम ने दी गई शिकायत में बताया कि 4 अक्टूबर की रात्रि वह अपनी थार गाड़ी में सरफराज, आरिफ, समीर, सलीम के साथ महू चोपड़ा गांव की तरफ से बड़कली की ओर आ रहे थे। तभी सामने से बॉडी कोठी पर हबीब हवननगर और उसके साथ 6-7 गाड़ियों में उसके साथियों ने उनकी गाड़ी के सामने गाड़ी लगाकर उन्हें जबरदस्ती रोक उनपर हमला कर दिया। इतना ही नहीं उनके सामने लगी फॉर्च्यूनर गाड़ी में हबीब हवननगर बैठा था, जिसने गाड़ी से उतरते ही उनके एक साथ पर सर के नीचे पाच से वार किया और अन्य

लोगों ने भी उन पर हमला करते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा और उनकी जेब में रखे 5500 रूपए भी छीन लिए। इतना ही नहीं उनकी थार गाड़ी को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि उनके एक साथी ने भाग कर 112 नंबर पुलिस को फोन किया और मौके पर पुलिस आई तो पुलिस ने उन लोगों से उन्हें बचाया और उनका उपचार कराने के लिए उन्हें मांड़ी खेड़ा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उनकी एम एल आर कटाई। सलीम ने बताया कि हबीब हवननगर ने उन्हें और उनके साथियों को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि इस बार तो तुम्हें पुलिस ने बचा लिया है। बाकी आगे तुम्हें नहीं छोड़ा जाएगा। सलीम ने बताया कि चुनाव में हबीब हवननगर ने वोट देने के लिए उन पर बार-बार दबाव बनाया था। लेकिन उन्होंने वोट नहीं दी। जिसको लेकर उन्होंने उनके साथ इस वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में फिरोजपुर झिरका थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत मिलने पर इसकी जांच कराई गई थी। जिसके बाद मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले के सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

दो अलग-अलग स्थानों से पुरूष व महिला हुए लापता

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना सिटी तथा सदर थाना अंतर्गत एक व्यक्ति व एक महिला लापता हो गए। पहली घटना में कनीना बस स्टैंड के पीछे रेडीमेड की दुकान का संचालन करने वाला व्यक्ति अक्समात लापता हो गया। जिसे लेकर कैलाश चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पुत्र राहुल सुबह साढे 9 बजे बस स्टैंड के पीछे अपनी फैशन प्वाईंट की दुकान पर गया था। जहां दुकान खोलने के बाद शीशे का लॉक कर कहीं चला गया। परिजनों ने रिश्तेदारों तथा संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसका मोबाइल फोन भी बंद है। पुलिस ने गुमशुदा का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। दूसरी घटना में सदर थाना अंतर्गत एक गांव से 30 वर्षीय महिला लापता हो गई। इस बारे में नरेश कुमार ने पुलिस थाने में दी शिकायत में कहा कि महिला सुबह करीब 8 बजे बिना बताए घर से चली गई। परिजनों ने अपने स्तर पर खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने नरेश की शिकायत पर महिला की गुमशुदगी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

कनीना मंडी में हुई 163393 क्विंटल बाजरे की खरीद

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना मंडी में बुधवार तक करीब 163393 लाख क्विंटल बाजरे की खरीद जा चुकी है। जिसमें से करीब 87 हजार क्विंटल का उठान कर दिया गया है। खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमा सिंह ने बताया कि नयी आनाज मंडी चेलावास में बाजरे की खरीद की जा रही है। किसान ई-खरीद पोर्टल से गेट पास लेकर किसान सुबह से ही बाजरे के वाहन लेकर मंडी में पंहुच रहे हैं। रेवाडी-बीकानेर रेलवे लाईन पर आरओबी का निर्माण कार्य किये जाने के चलते किसान कनीना-अटेली मार्ग की बजाय ग्रामीण लिंक मार्गों से मंडी जा रहे हैं। सीमा सिंह ने बताया कि 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरे की खरीद की जा रही है। बाजरे की खरीद होने के बाद कमोबेश तीन दिन के अंतराल में किसानों के खाते में पैसे डाले जा रहे हैं। खरीदे गए बाजरे का उठान कर पलवल व जींद भेजा गया है। किसान खेत खाली कर रबि फसल की बिजाई की तैयारी करने में जुट गए है। इस मौके पर राधेश्याम, अशोक कुमार, मनीष गुप्ता, संदीप, बंटी, आदेश कुमार, सतीश कुमार, नरेश कुमार, टिंकू, धर्मदत्त उपस्थित थे।

किसान यूरिया व नैनो डीएपी अपनाएं दो लाख का संकट हरण बीमा मुफ्त पाएं

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। किसानों को डीएपी खाद से छुटकारा दिलाने तथा नैनो यूरिया व नैनो डीएपी अपनाने के लिए इफको की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को खेती के लिए पोषक तत्व प्रबंधन की जरूरी जानकारी देने के लिए शॉसल मीडिया प्लेटफार्म पर जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग के एडीओ डॉ देवेंद्र यादव ने बताया कि इफको की ओर से जारी किए गए संदेश के मुताबिक नैनो यूरिया प्लस तथा नैनो डीएपी तरल अपनाएं ओर बोतल वाली खाद से बडी बचत पांए। साथ ही फसल की पैदावार में जबरदस्त बढौतरी पाएं। नैनो उर्वरक खरीदने वाले किसानों का दो लाख रूपये का संकट हरण बीमा मुफ्त किया जायेगा। खेती को आसान और फायदेमंद करने क लिए नैनो खाद के इस्तेमाल पर बल दिया जा रहा है।

दीपावली पर चाईनीज बिजली उपकरणों का प्रयोग हो सकता है घातक: रामरतन

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। दीपावली के पर्व पर चाइनीज बिजली उपकरणों का इस्तेमाल आमजन के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। इन उपकरणों की रोशनी आखों पर विपरीत प्रभाव डालती है वहीं बिजली सप्लाई भी बाधित हो सकती है। लगातर इन लाईट की ओर देखने से आखों की रोशनी जा सकती है। आमजन चाईनीज बिजली उकरणों का प्रयोग ना करें। इस बारे में लोगों को जागरूक करते हुए कनीना पावर हाऊस में कार्यरत जेई रामरतन शर्मा गोमली ने कहा कि चाईनीज बिजली उपकरणों के प्रयोग से शारिरिक नुकसान होने के साथ-साथ पावर हाऊस का तंत्र औवरलोड होने की संभावनाएं बनी रहती हैं। जिससे सुचारू रूप से बिजली देने में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व हर्षोलास का पर्व है लोग घरों में मिट्टी के दिये जलाकर उत्सव का आनन्द लें। उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया की अपनी दुकानें बिजली की लाईनों से दूर लगाए जिससे कोई दुर्घटना ना हो। पर्व के मौके पर पटाखें आदि से बचें जिससे अस्थमा आदि के मरीजों को परेशानी होती है वहीं राकेट आदि चलाने से आगजनी की घटनाएं घटित होती है जिससे किसानों को बड़ा नुकसान होता है। जीव-जंतु व पक्षियों को भी कष्ट सहना पड़ता है।

एसडी ककराला में आज से होगा तीन दिवसीय नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का शुभारंभ

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। बृहस्पतिवार 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय सीबीएसई नैशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का प्रांगण तैयार है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह के मुख्यातिथि खेल विभाग के उपनिदेशक सतबीर सिंह एवं भीम अवार्डी सुषमा यादव द्वारा सुबह 10 बजे किया जायेगा। संस्था के चेयरमैन जगदेव सिंह यादव ने बताया कि सीबीएसई बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ककराला को लगातार चैथी बार मेजबानी करने का अवसर मिला है। खिलाडियों का पंहुचना शुरू हो गया है। प्रतियोगिता के दौरान स्वास्थ एवं सुरक्षा को लेकर पुलिस तथा चिकित्सक उपस्थित रहेगें। जगदेव यादव ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। खिलाडियों के ठहरने व खाने की व्यवस्था विद्यालय प्रबन्धन द्वारा विद्यालय परिसर में ही की गई है। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रातों सहित छह अन्य देशों के खिलाडी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगें। उन्होंने बताया कि मंगलवार से ही खिलाडियों का पंहुचना शुरु हो गया। जिनका विद्यालय प्रबन्धन समिति द्वारा गर्मजोशी से जोरदार स्वागत किया गया। चेयरमैन जगदेव यादव ने खिलाड़ियों से बातचीत कर उनकी यात्रा व हाल-चाल के बारे में जाना। समाचार लिखे जाने तक 426 बॉक्सर क्रीडा स्थल पर पंहुच चुके थे।

दिल्ली के तापमान में गिरावट शुरू... हवा की गुणवत्ता में भी सुधार

नई दिल्ली । दिल्ली में तापमान में गिरावट शुरू हुई है। वहीं हवा की गुणवत्ता में कुछ सुधार हुआ है। इस बीच, पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। इस साल की शुरुआत से 15 अक्टूबर तक पराली जलाने की 2,399 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 2,791 घटनाएं दर्ज की गई थीं। दिल्ली में खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के पहले चरण के तहत प्रतिबंध लागू हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सर्दियों में विशेष प्रदूषण रोधी उपायों के अंतर्गत ग्रैप के पहले चरण के तहत प्रतिबंध का उद्देश्य निर्माण स्थलों पर धूल को कम करना, उचित अपशिष्ट प्रबंधन और सड़कों की नियमित सफाई के माध्यम से प्रदूषण को नियंत्रित करना है ग्रेप के पहले चरण में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की सख्त जांच, बेहतर यातायात प्रबंधन और उद्योगों, बिजली संयंत्रों और ईंट भट्ठों में उत्सर्जन नियंत्रण को अनिवार्य बनाया गया है। इसके तहत 500 वर्ग मीटर या उससे ज्यादा के आकार के प्राइवेट कंस्ट्रक्शन और डेमोलिशन प्रोजेक्ट्स पर रोक। दिल्ली के 300 किलोमीटर के दायरे में पॉल्यूशन फैलाने वाली इंडस्ट्रियल यूनिट और थर्मल पावर प्लांटों पर कार्रवाई पटाखों के प्रोडक्शन, स्टोरेज, और बिक्री पर रोक। 10-15 वर्ष पुराने डीजल/पेट्रोल वाहन पर रोक। खुले में कचरा जलाने पर रोक। खुले स्थानों पर कूड़ा-कचरा फैलाने पर रोक।

मुंबई में 10 मंजिला इमारत में आग.... तीन की मौत, तीन घायल

मुंबई । मुंबई के अंधेरी वेस्ट में 10 मंजिला इमारत में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। आग में झुलसने से तीन लोगों की मौत हुई है। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान चंद्रप्रकाश सोनी (74), कांता सोनी (74) और 42 वर्षीय पेलुबेटा के रुप में हुई है। घायलों को कूपर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। फिलहाल अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों, हाइड्रेंट, टर्नटेबल सीढ़ी और एक एम्बुलेंस मौजूद है। आग एक आवासीय फ्लैट तक ही सीमित है और अधिकारी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। फिलहाल आग पर काबू पाया जा रहा है।

मां ने रात में कंघी करने से रोका... बेटी फांसी पर झूली

शहडोल । माता-पिता का समझाना आज कल बच्चों को इतना बुरा लगाता है कि अपनी जान तक की परवाह नहीं करते। ऐसा ही कुछ मध्य प्रदेश के शहडोल जिले से बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने बालों में कंघी करने से मां के द्वारा मना करने पर सुसाइड किया। मामला छत्तीसगढ़ बार्डर पर स्थित झिकोबिजुरी चौकी क्षेत्र के पथरिया टोला के जंगल का है। ग्राम कुटेला के रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती आरती उर्फ गुड्डी को मां ने देर शाम बालों में कंघी करने से मना किया। मां की यह बात युवती को इतनी नागवारा गुजरी कि वह नाराज होकर घर से बाहर निकल गई। इसके बाद पथरिया टोला के जंगल में एक पेड़ में फांसी का फंदा बनाकर झूल गई। हालांकि पुलिस को घटनास्थल के पास कुछ आपत्तिजनक चीजें भी मिली है, जिससे ऐसा लग रहा है कि युवती के सुसाइड की वजह कुछ और भी हो सकती है। फिलहाल युवती के सुसाइड का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। वहीं, मामले में शहडोल एडिशनल एसपी अभिषेक दिवान का कहना है कि युवती के सुसाइड की जानकारी लगने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। प्रथम दृष्टया मृतका की माता द्वारा बताया गया है कि रात में कंघी करने से मना किया था जिसके बाद वह कहीं चली गई। इसके बाद उसका फांसी के फंदे झूलता शव मिला है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

छत्तीसगढ़ के ग्राउंड वॉटर में मिला यूरेनियम, खतरनाक बीमारियों का बड़ा खतरा

रायपुर। एक रिसर्च में छत्तीसगढ़ के कई जिलों में ग्राउंड वाटर में जहरीले यूरेनियम की खतरनाक मात्रा का खुलासा हुआ है। दुर्ग, राजनांदगांव, कांकेर, बेमेतरा, बालोद और कवर्धा के कई गांवों के पानी में यूरेनियम की मात्रा तय मानक से तीन गुना ज्यादा पाई गई है। भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) के रसायनशास्त्र विभाग की इस रिसर्च में पाया कि पानी में यूरेनियम की मात्रा 30 पीपीबी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए, लेकिन इन इलाकों के पानी में यह मात्रा 86 से 105 पीपीबी पाई है। इससे अगले कुछ सालों में कैंसर, किडनी और त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा हो सकता है। बीआईटी की टीम ने 6 जिलों के गांवों में पानी के सैंपल की जांच की। बालोद जिले के देवतराई गांव का पानी सबसे ज्यादा दूषित पाया, जिसमें यूरेनियम की मात्रा 89 पीपीबी थी।

मुर्शिदाबाद में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में तनाव, पुलिस बल तैनात

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर में एक टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई इसके बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया है। मृतक की पहचान प्रदीप दत्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दत्ता जब सुबह की मॉर्निंग वॉक पर निकले थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां बरसाईं। हमलावरों ने दत्ता पर बहुत पास से सात गोलियां चलाईं। बताया जा रहा है कि गोली चलने की आवाज सुनकर लोग अपने घर से बाहर आ गए और देखा कि दत्ता खून से लथपथ थे। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बहरामपुर में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वहीं पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है और हत्या के पीछे का कारण जानने की कोशिश कर रही है। वहीं हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जिला पुलिस अधिकारी ने बताया घटना की जानकारी हासिल करने स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है।

नीतीश के साथ फिर गठबंधन के सवाल पर बोले तेजस्वी यादव, अब सवाल ही नहीं, उनका समय खत्म हो गया है

पटना (एजेंसी)। राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन की अटकलों को खारिज कर दिया और दावा किया कि थके हुए जदयू अध्यक्ष के लिए समय आ गया है। जनवरी में जब कुमार अचानक भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में लौट आए तो यादव को उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में दिन-ब-दिन कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नजर डालें तो...ऐसा कोई विधानसभा क्षेत्र नहीं है, जहां हत्या, लूटपाट, अपहरण और बलात्कार जैसे अपराध नहीं होते हों।

राजद नेता ने दावा किया कि बड़ी मुश्किल से एफआईआर दर्ज होती है, जांच शून्य होती है, पीड़ित परिवार को कभी न्याय नहीं मिलता और आरोपी छूट जाता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति भयावह हो गई है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार अब बिहार नहीं चला पा रहे हैं, थक चुके हैं, उनकी स्थिति हम देख सकते हैं। बांका जिले में पत्रकारों से बात करते हुए, राजद नेता ने उन्हें चुनौती दी कि वे केंद्र में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके जाति जनगणना करवाएं, साथ ही राज्य के लिए विशेष दर्जा और हाल की बाढ़ से तबाह हुए क्षेत्रों के लिए राहत पैकेज भी हासिल करें।

एक सवाल के जवाब में, अब विपक्ष के नेता, यादव ने कहा अब नीतीश कुमार के साथ हाथ मिलाने का सवाल ही नहीं उठता। उनका समय समाप्त हो गया है। वह थक गए हैं और अब बिहार पर शासन करने में सक्षम नहीं हैं। विशेष रूप से, यादव की पार्टी, जिसका नेतृत्व उनके पिता लालू प्रसाद कर रहे हैं, की जद (यू) के साथ दो साझेदारियाँ रही हैं, दोनों ही अल्पकालिक रहीं। दोनों पार्टियों ने पहली बार 2015 में गठबंधन किया था, जब गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दर्ज की थी, हालांकि कुमार दो साल बाद एनडीए में वापस चले गए।

योगी सरकार के मंत्री के नाम पर पोती कालिख, गेट पर लिख चोर-बेईमान !

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी में योगी सरकार के एक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के आवास पर चोर-बेईमान लिखा गया है। इतना ही नहीं उनके आवास पर राज्यमंत्री के नेम प्लेट पर कालिख तक पोत दी गई है। यह सबकुछ कांग्रेस के नेताओं ने किया। दरअसल, कांग्रेस के नेता आक्रोशित हैं। बताया जा रहा है कि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की तरफ से कांग्रेस नेता एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को लेकर टिप्पणी की गई थी। जिसके विरोध में राज्यमंत्री के घर पर चोर-बेईमान लिखा गया है। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के आवास पर बुधवार को कांग्रेस नेता अनिल यादव पहुंचे। अनिल यादव ने सबसे पहले राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के आवास पर चोर बेईमान लिखा, उसके बाद आवास पर लगे नेम प्लेट (नाम पट्टिका) पर कालिख पोत दी। खास बात यह रही कि यह सब करते हुये कांग्रेस नेता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि प्रियंका गांधी वायनाड से चुनाव लड़ने जा रही हैं, कांग्रेस ने उन्हें वायनाड लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। इसी पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने टिप्पणी कर दी। उन्होंने यह टिप्पणी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की है। उन्होंने लिखा है कि अन्तत : लड़की लड़ नहीं पाई और भाग ही गई वहां जहां लड़ना न पड़े। बूढ़ी जो हो गई। वहीं कालिख पोते जाने की जानकारी जब मंत्री के आवास पर मौजूद लोगों को हुई तो उन्होंने आनन-फानन में चोर-बेईमान लिखा हुआ को मिटा दिया है।

महाराष्ट्र चुनाव से पहले अजित पवार को लगा बड़ा झटका, एनसीपी के 600 से अधिक कार्यकर्ताओं ने छोड़ी पार्टी

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार को मंगलवार को बड़ा झटका लगा। पुणे शहर इकाई से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के 600 से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। आक्रोशित कार्यकर्ता पुणे शहर अध्यक्ष दीपक मानकर को एमएलसी पद नहीं देने के राज्यपाल के फैसले का विरोध कर रहे थे। यह घटनाक्रम उसी दिन हुआ जब भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।

मानकर के समर्थक मंगलवार शाम पुणे शहर के नारायणपेठ इलाके में राकांपा कार्यालय में एकत्र हुए और एक बैठक की, जहां उन्होंने अपने इस्तीफे की घोषणा की। सामूहिक इस्तीफे में शहर उपाध्यक्ष, विधानसभा क्षेत्र प्रमुख, विभिन्न सेल प्रमुख और पार्टी कार्यकर्ता जैसे प्रमुख नाम शामिल थे। विशेष रूप से, शहर इकाई ने राज्यपाल के कोटे से पार्टी को आवंटित तीन एमएलसी सीटों में से एक पर मानकर की नियुक्ति की मांग की थी। हालांकि, राकांपा ने राजनीति में मौजूदा पारिवारिक संबंधों वाले लोगों को फिर से नामांकित करने का फैसला किया। उन्होंने निराशा

और मोहभंग व्यक्त करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और डिप्टी सीएम अजीत पवार को सौंपने के लिए एक ज्ञापन भी तैयार किया।

उन्होंने कहा कि मानकर ने पुणे शहर में राकांपा को मजबूत किया है और इसलिए वह एमएलसी सीट के हकदार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस अपमान से भविष्य में पार्टी कमजोर होगी। अपने ज्ञापन में नेताओं ने कहा, 'हमें विश्वास था कि अजित पवार पार्टी कार्यकर्ताओं को न्याय दिलाएंगे। हालांकि, दीपक मानकर को एमएलसी सीट से वंचित कर हमारा भरोसा तोड़ दिया गया है।' इस बीच, एनसीपी पुणे शहर के उपाध्यक्ष दत्ता सागरे ने कहा, 'हमारे शीर्ष नेतृत्व द्वारा पुणे शहर के अध्यक्ष दीपक मानकर को राज्यपाल के कोटे से एमएलसी पद से वंचित किए जाने के विरोध में आज 600 पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।'

सलमान खान को माफ कर देगा बिश्नोई समाज... शर्तें मान लें

जोधपुर (एजेंसी)। बीते 26 साल से अभिनेता सलमान खान और बिश्नोई समाज के बीच तनातनी चल रही है। वजह ये है कि 1998 में सलमान खान ने काले हिरन का शिकार किया था। इससे बिश्नोई समाज नाराज है। समाज का कहना है कि सलमान खान झूठ न बोलें, पानी छानकर पिए, भगवान विष्णु का आराधना और प्रार्थना सहित 29 नियमों का पालन करें तो पूरा विवाद खत्म हो जाएगा।

फिल्म हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान जोधपुर के कांकाणी गांव में काले हिरण के शिकार के मामले में सलमान खान सहित कई फिल्मी हस्तियों पर आरोप लगाए गए थे। यह मामला अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन अब सवाल उठता है कि क्या बिश्नोई समाज सलमान खान को माफ कर सकता है? अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बुड़िया ने इस विषय पर अहम बयान दिया है।

देवेंद्र बुड़िया का कहना है कि अगर सलमान खान अपने कृत्य के लिए समाज से माफी मांगते हैं और मुकाम में आकर अपनी गलती को स्वीकार करते हैं, तो बिश्नोई समाज के 29 नियमों के तहत उन्हें माफ किया जा सकता है। बिश्नोई समाज के दसवें नियम में यह प्रावधान है कि गलती करने वाले को क्षमा किया जा सकता है। यह नियम समाज के धर्मगुरु भगवान जंभेश्वर जी द्वारा स्थापित किया गया था, जिसके अनुसार दया और क्षमा के भाव से अपराधी को माफ करने की व्यवस्था है।

बिश्नोई समाज प्रकृति प्रेम और शांति का प्रतीक माना जाता है, और अपने 29 नियमों के माध्यम से यह समाज न केवल धार्मिक अनुशासन बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को भी बढ़ावा देता है। महिपाल बिश्नोई, जो इस घटना से जुड़े रहे, ने बताया कि 1998 की उस रात गांव वालों ने गोली की आवाज सुनी थी और बाद में दो काले हिरणों का शव पाया गया। समाज के लोगों ने एक जिप्सी को घटनास्थल से भागते देखा, जिसमें सलमान खान और उनके साथी मौजूद थे। बिश्नोई समाज का मानना है कि प्रकृति और जीवों की रक्षा करना उनका धर्म है। हालांकि, देवेंद्र बुड़िया के बयान के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या सलमान खान माफी मांगेंगे और क्या समाज उन्हें क्षमा करेगा।

इन नियमों का करना होगा पालन

सुबह स्नान करना और शुद्धता बनाए रखना, शील, संतोष, और शुद्धता का पालन करना,

सुबह-शाम संध्या और प्रार्थना करना, शाम को आरती करना और भगवान विष्णु के गुण गाना, सुबह हवन करना, पानी छानकर पीना और शुद्ध वाणी बोलना, ईंधन और दूध छानकर लेना,

क्षमा और सहनशीलता का पालन करना, दया और नम्रता से जीवन जीना,

चोरी न करना, निंदा न करना, झूठ न बोलना, वाद-विवाद से बचना, अमावस्या का व्रत रखना, विष्णु भजन करना, सभी प्राणियों पर दया रखना, पेड़ों को नहीं काटना, अपने हाथ से खाना पकाना, बैल को बधिया (नपुंसक) न करना, नशे (अमल), तंबाकू, भांग और शराब का सेवन न करना, मांस का सेवन न करना, नीले रंग के कपड़े न पहनना।

अब मणिपुर में होगी शांति, मैतेई, कुकी और नगा के बीच बनी सहमति, केंद्रीय गृहमंत्रालय ने बुलाई थी विधायकों की बैठक

नई दिल्ली। मणिपुर में जारी हिंसा के बीच शांति की पहली हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर मणिपुर के मैतेई, कुकी और नगा समुदायों के 20 विधायक दिल्ली पहुंचे। बैठक पहले गृह मंत्रालय में तय थी, लेकिन बाद में उन्हें खान मार्केट स्थित आईबी दफ्तर ले जाया गया। मंगलवार को बैठक में आईबी के पूर्वोत्तर के संयुक्त निदेशक राजेश कांबले, बीजेपी के समन्वयक संबित पात्रा, केंद्र के सुरक्षा सलाहकार एके मिश्रा और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पहले कुकी, फिर मैतेई और बाद में नगा नेताओं से बातचीत की गई, जिसमें उन्होंने अपनी-अपनी मांगें केंद्र के सामने रखीं। इसके बाद सभी नेताओं को एकत्रित कर संकल्प दिलाया कि मणिपुर में न तो कोई गोली चलेगी और न ही किसी की जान जाएगी। तीनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने इस पर सहमति जताई और एक-दूसरे से हाथ मिलाया। सूत्रों के मुताबिक मणिपुर में हालात को सुधारने के लिए नगा लोगों का अहम रोल था। राज्य में 2016 में सात नए जिले बनाए गए थे, जिन्हें कुकी बहुल कहा जाता है, हालांकि यहां नगा भी रहते हैं। नगा संगठन, यूनाइटेड नगा काउंसिल, इन जिलों को वापस लेने और 1972 की स्थिति को बहाल करने की मांग कर रहा है। 11 सितंबर को गृह मंत्रालय से 15 दिन में इस मुद्दे को हल करने की चेतावनी दी थी। कुकी जनजाति ने तीन मुख्य मांगें उठाई जिसमें सीएम एन. बीरेन सिंह को हटाना, कुकी इलाकों में अलग प्रशासन की मांग और हथियारबंद समूहों को गैर-कानूनी घोषित करना। इन मांगों पर अंतिम निर्णय कुकी काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

बंगाल खाड़ी में उठा तूफान आज पुडुचेरी और नेल्लोर तट से टकराने की आशंका

कोलकाता(एजेंसी)। बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी में दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान में बदल गया है और गुरुवार सुबह पुडुचेरी और नेल्लोर के बीच तूफान के तट से टकराने की आशंका है और इससे दक्षिण तट और रायलसीमा के कई स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। आंध्र प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मौसम विभाग ने कहा कि तूफान के गुरुवार सुबह पुडुचेरी और नेल्लोर के बीच तट के पास टकराने की उम्मीद है। तट के किनारे हवाएं चल रही हैं जिनके 40-60 किमी/घंटा की गति होने की उम्मीद है।

चेन्नई और तमिलनाडु के कई इलाकों में विगत दिवस हुई भारी बारिश से शहर में आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। रिहायशी इलाकों और सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। बारिश के कारण यातायात थम सा गया है। सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित हो गई और कई घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। दक्षिणी रेलवे ने जलभराव के चलते चेन्नई सेंट्रल-मैसुर कावेरी एक्सप्रेस सहित चार एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया है। कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है कुछ को चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन से पहले ही रोक दिया था। कई घरेलू उड़ानें रद्द की गई हैं क्योंकि पर्याप्त संख्या में यात्री नहीं आए। आईएमडी के मुताबिक चिह्नित निम्न दबाव क्षेत्र एक अवसाद में बदल गया है और गुरुवार सुबह चेन्नई तट को पार करने की उम्मीद है।

आईएमडी ने कहा कि तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और चेन्नई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश और एक या दो स्थानों पर मूसलाधार भारी बारिश होने की संभावना है। कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने कहा कि भारी बारिश के पूर्वानुमान के बाद बेंगलुरु में आपदा प्रतिक्रिया बल के जवानों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी जरुरत के लिए 40 कर्मियों को तैनात किया जा रहा है। हमने तत्काल प्रतिक्रिया के लिए अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं को स्टैंडबाय पर रखा है। शहर के नागरिक निकाय बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने आठ क्षेत्रों में 24 घंटे चालू रहने वाले विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं और बारिश से संबंधित समस्याओं की रिपोर्ट करने एक हेल्पलाइन नंबर 1533 भी चालू किया है। जिस पर सूचना दी जा सकती है।

तमिलनाडु में बारिश का दौर जारी, तटरक्षक दल कोअलर्ट पर रखा गया

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटों पर मौसम की बिगड़ती स्थिति के बीच भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने अपनी आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों को सक्रिय कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत अभियान तेज कर दिया गया है। चेन्नई के कुछ क्षेत्रों में 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हुई, जिसके कारण अधिकारियों को 15 और 16 अक्टूबर को स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी घोषित करनी पड़ी। चेन्नई स्थित तटरक्षक के क्षेत्रीय मुख्यालय (पूर्व) ने हाई अलर्ट पर रहने के लिए 148 प्रशिक्षित कर्मियों वाली 29 आपदा प्रतिक्रिया टीमों (डीआरटी) को तैनात किया है।

इस बीच, 1,000 मानसून चिकित्सा शिविर भी स्थापित किए गए हैं, जिनमें चेन्नई में 100 ऐसी सुविधाएं शामिल हैं। बारिश से संबंधित कार्यों में अधिकारियों की सहायता के लिए 13,000 से अधिक स्वयंसेवक आगे आए हैं। कुल मिलाकर, तमिलनाडु में 65,000 स्वयंसेवक स्टैंडबाय पर हैं। तटरक्षक अधिकारियों के अनुसार, ये टीमें आपात स्थिति में तेजी से प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक जीवन रक्षक और चिकित्सा गियर से लैस हैं, जो प्रतिकूल मौसम से प्रभावित लोगों को महत्वपूर्ण बचाव और चिकित्सा सहायता प्रदान करती हैं।

29 डीआरटी में से 10 टीमों को विशेष रूप से चेन्नई में तैनात

किया गया है ताकि क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली किसी भी आपात स्थिति के लिए त्वरित और स्थानीय प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। ये टीमें बाढ़ बचाव, चिकित्सा निकासी और आपातकालीन राहत वितरण सहित विभिन्न आपदा परिदृश्यों को संभालने के लिए तैयार हैं। तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटों पर आईसीजी के रिमोट ऑपरेटिंग स्टेशन और जहाज तटीय अधिकारियों और स्थानीय समुदायों के साथ निरंतर संचार में रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर हरियाणा और पंजाब को फटकार लगाई

-आदेश का पालन नहीं हुआ तो मुख्य सचिव पर होगी अवमानना की कार्रवाई

-दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से लोग हो रहे परेशान

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर हरियाणा और पंजाब को फटकार लगाई है। बुधवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने पहले आदेश का पालन नहीं किए जाने को लेकर बुधवार 16 अक्टूबर को हरियाणा और पंजाब सरकार को जबरदस्त फटकार लगाई है। कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा कि यदि उसके आदेश का पालन नहीं किया गया तो हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि आखिर पराली जलाने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने और नाममात्र को जुर्माना लगाकर लोगों को छोड़ने से राज्य क्यों कतरा रहा है? इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक सप्ताह का समय देने की बात कहते हुए कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेंगे। कोर्ट के इस सवाल पर कि आप लोगों पर मुकदमा चलाने से क्यों कतराते हैं? हरियाणा के वकील ने बताया कि हमने इस साल करीब 17 के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।

कानून का उल्लंघन करने वालों पर एक भी मुकदमा नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने जहां यह कहा कि आयोग का कोई भी सदस्य वायु प्रदूषण से निपटने के लिए योग्य नहीं हैं वहीं इस बात को लेकर हैरानी भी जताई कि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया यहां तक कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभी तक एक भी मुकदमा नहीं चलाया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सब कुछ महज कागजों पर चल रहा है। पराली जलाने वालों को रोकने में असफल रहने के चलते सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव को अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश होने का आदेश भी दे दिया।

नाममात्र का जुर्माना और कुछ नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आप तो नाममात्र का जुर्माना ले रहे हैं। हद यह है कि इससे आपको बता रहा कि आग कहां लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि कानून उल्लंघन के 191 मामले आए और आपने सिर्फ नाममात्र का जुर्माना लिया। एनसीटी क्षेत्र अधिनियम के तहत आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना की गई है। इस पर हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने गलती स्वीकार करते हुए कहा कि मैं अपनी ओर से हुई चूक या गलती को स्वीकार करता हूं। इस पर कोर्ट का कहना था कि यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है यदि मुख्य सचिव किसी के इशारे पर काम कर रहे हैं तो उनके खिलाफ भी हम समन जारी करेंगे।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाई और कहा कि पंजाब सरकार ने भी पराली जलाने पर रोक के आदेश पर कुछ नहीं किया। विगत 03 सालों में पंजाब ने एक भी व्यक्ति पर मुकदमा नहीं चलाया। नाममात्र का जुर्माना लगा रहे हैं और कुछ नहीं किया गया। धान की पराली जलाई जा रही है और आप वायु प्रदूषण निवारण अधिनियम 1981 के तहत कुछ करना ही नहीं चाहते। वायु लगातार प्रदूषित हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने पर रोक लगाने में असफल रहने पर पंजाब सरकार के मुख्य सचिव को भी अगले बुधवार 23 अक्टूबर को सुनवाई में अदालत में व्यक्तिगत तौर पर पेश



होने के आदेश दिए हैं।

पंजाब और हरियाणा को फटकार लगाने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को भी आदेश दिया कि हरियाणा और पंजाब के जिन अधिकारियों ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया उनके खिलाफ वो कारवाई करे। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण से लोगों का जीना मुहाल हो जाता है, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इस बार सख्ती दिखाई है, ताकि समस्या का समाधान निकाला जा सके।

टाटा समूह सेमीकंडक्टर, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में नौकरियों पैदा करेगा

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने दिया बयान

नई दिल्ली । टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की राह में नई नौकरियों को लाने की बात कहीं है। चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और देश को बढ़ते कार्यबल की रोजगार जरूरतों को पूरा करने के लिए 10 करोड़ नौकरियों का सृजन करने की जरूरत है। टाटा समूह देश में अधिक से अधिक विनिर्माण नौकरियां बनाने पर भी ध्यान दे रहा है, क्योंकि पूरा इकोसिस्टम भारतीय कंपनियों, विशेषकर 500,000 छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए कई अवसरों से भरा हुआ है।

चंद्रशेखरन के अनुसार, टाटा समूह सेमीकंडक्टर, प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में निवेश कर रहा है, इसलिए वह अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा करेगा। सेमीकंडक्टर विनिर्माण जैसे क्षेत्र कई अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें विकसित राष्ट्र बनने के लिए 100 मिलियन नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। देश में हर माह करीब दस लाख लोग कार्यबल में शामिल होते हैं, जिससे देश के भविष्य के विकास के लिए विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन आवश्यक होता है। पिछले महीने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टाटा संस और पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन (पीएसएमसी) की नेतृत्व टीम से मुलाकात की, जो गुजरात के धोलेरा में 91,000 करोड़ रुपये की लागत से मेगा सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन फैसिलिटी तैयार कर रही हैं।

मार्च में, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में टाटा-पीएसएमसी चिप प्लांट की आधारशिला रखी थी। फैब निर्माण से क्षेत्र में 20,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कुशल नौकरियां पैदा होंगी। इतना ही नहीं असम में टाटा समूह का सेमीकंडक्टर प्लांट प्रतिदिन 4.83 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन करेगा, साथ ही चालू होने पर 15,000 प्रत्यक्ष और 13,000 तक अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगा।

टाटा संस हुई कर्ज मुक्त, नए उद्यमों में निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी

नई दिल्ली।

18 साल में पहली बार टाटा संस शुद्ध आधार पर कर्ज मुक्त कंपनी बनी है। टाटा समूह की मुख्य होल्डिंग कंपनी टाटा संस पर वित्त वर्ष 2023 के आखिर में 22,176 करोड़ रुपए का कर्ज था जो मार्च 2024 में घटकर 363.2 करोड़ रुपए रह गया था। वित्त वर्ष 2024 के आखिर में टाटा संस के पास 3,042 करोड़ रुपए की नकदी और समतुल्य राशि थी, जो इससे एक साल पहले 1,534 करोड़ रुपए थी। कंपनी पर कर्ज खत्म होने के बाद 2,679.2 करोड़ रुपए की नकदी बचेगी। मार्च 2020 के आखिर में टाटा संस पर सबसे ज्यादा 31,603 करोड़ रुपए का कर्ज था और उसका शुद्ध कर्ज एवं इक्विटी का अनुपात 0.56 गुना था।

कर्ज-मुक्त बैलेंस शीट और समूह की सूचीबद्ध कंपनियों जैसे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स, टाइटन और टाटा कंज्यूमर से ज्यादा लाभांश मिलने से टाटा संस को नए उद्यमों में निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे पहले वित्त 2006 में टाटा संस शुद्ध आधार पर कर्ज मुक्त हुई थी। उसके बाद विदेशी में कई बड़े अधिग्रहण किए गए थे, जिसने समूह को पूरी तरह से बदल दिया। टाटा संस की बैलेंस शीट और विभिन्न उद्यमों में इसके पूंजी निवेश की रफ्तार में संबंध दिखता है। वित्त वर्ष 2005-06 से 2014-15 के दौरान जब टाटा संस की बैलेंस शीट मजबूत थी तब उसने कई सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध उद्यमों में निवेश किया था। दिलचस्प बात यह है कि टाटा स्टील ने अक्टूबर 2006 में कोरस समूह के लिए 8.1 अरब डॉलर की बोली लगाई थी और 12.1 अरब डॉलर की प्रतिस्पर्धी बोली लगाकर ब्रिटेन की इस कंपनी का अधिग्रहण किया था। टाटा मोटर्स ने जनवरी 2008 में ब्रिटेन की लक्जरी कार विनिर्माता जगुवार लैंड रोवर को 2.3 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। 2006 के बाद की अवधि में टाटा केमिकल्स, इंडियन होटल्स और टाटा ग्लोबल बेवरिजेज ने भी विदेश में कई बड़े सौदे किए थे। टाटा समूह की कंपनियों ने अपने संसाधनों और कर्ज के जरिये इन अधिग्रहण सौदों को पूरा किया था। टाटा संस इन सौदों में परोक्ष रूप से शामिल थी और संबंधित कंपनियों को अतिरिक्त इक्विटी पूंजी मुहैया कराई थी जिससे वे बड़ा कर्ज जुटा सकें।

37 दिन बाद काम पर लौटे सैमसंग इंडिया के कर्मचारी, खत्म की हड़ताल

कर्मचारियों ने प्रबंधन के खिलाफ काम नहीं करने पर जताई सहमति

नई दिल्ली।

सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की फैक्टरी में कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को खत्म हो गई। तमिलनाडु सरकार ने बताया कि सभी कर्मचारी काम पर लौट आए हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की श्रीपेरंबुदूर इकाई के कर्मचारियों ने राज्य सरकार और प्रबंधन के साथ हुई बातचीत के बाद 37 दिन लंबी हड़ताल वापस ले ली।

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीआईटीयू) के नेतृत्व में हड़ताल कर रहे कर्मचारियों की वेतन वृद्धि समेत ज्यादातर मांगों को सैमसंग प्रबंधन ने पहले ही मान लिया था। इसके बावजूद सीटू ने अपनी यूनियन की मान्यता की मांग को लेकर हड़ताल जारी रखी है, जिसका मामला अदालत में चल रहा है। इस मामले पर कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच कानूनी नतीजे का इंतजार करने पर सहमति बनी है। साथ ही सरकार ने भी यूनियन के पंजीकरण की मांग का समर्थन किया, जिसके बाद यूनियन हड़ताल वापस लेने पर सहमत हो गई। बातचीत के दौरान प्रबंधन और हड़ताली कर्मचारी दोनों के प्रतिनिधि इस बात पर सहमत हुए कि सभी कर्मचारी तुरंत हड़ताल खत्म कर देंगे और काम पर लौट आएंगे। प्रबंधन ने कहा कि हड़ताल में शामिल कर्मियों को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर कर्मचारियों ने पूरा सहयोग करने और काम पर लौटने के साथ प्रबंधन के हितों के खिलाफ किसी भी तरह का काम नहीं करने पर भी सहमति जताई है। सरकारी बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने इस सलाह को मान लिया है। कर्मचारियों ने बताया है कि वे तुरंत हड़ताल खत्म कर काम पर लौट आएंगे। इसके साथ सैमसंग फैक्टरी में हड़ताल खत्म हो गई है और सभी कर्मचारियों ने काम फिर से शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि कर्मचारी बुधवार को सैमसंग इंडिया वर्कर्स यूनियन की आमसभा के बाद आधिकारिक तौर पर हड़ताल वापस ले लेगी। हालांकि, नेताओं ने कहा कि उनकी सभी मांगे सरकार और कंपनी दोनों ने मान ली हैं।

भारत में तेजी से फलता-फूलता जा रहा ऑनलाइन गेमिंग बाजार

मुंबई । भारत का ऑनलाइन गेमिंग बाजार का वर्तमान मूल्य 3.1 बिलियन डॉलर है। रेगुलेशन और टैक्सेशन से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद इसके 2034 तक 60 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भारत के गेमिंग सेक्टर में अमेरिकी योगदान महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 2.5 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में से 1.7 बिलियन डॉलर सिर्फ अमेरिका से आया है। गेमिंग कारोबार के जानकार के अनुसार, यह भारत के तेजी से बढ़ते गेमिंग बाजार में वैश्विक निवेशकों के विश्वास को दिखाता है, जिसके 2034 तक 60 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इस एफडीआई का 90 प्रतिशत हिस्सा पे-टू-प्ले सेगमेंट में है, जो कि इस सेक्टर के समग्र मूल्यांकन का 85 प्रतिशत है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपने हाई टैक्स रेट के लिए जाना जाता है। ऑनलाइन गेमिंग के लिए प्लेयर्स को अपनी कुल जमा पर सभी फॉर्मेट के लिए 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी चुकाना होता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र केंद्रीय उत्पाद वर्गीकरण (यूएन सीपीसी) गेमिंग को ऑनलाइन जुए से अलग परिभाषित करता है। 600 मिलियन से ज्यादा गेमर्स के साथ इस सेक्टर का तेजी से मुद्रीकरण किया जा रहा है। यह निर्यात के लिए अवसर पेश करता है। हालांकि, भारतीय कंपनियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए, हमें प्रगतिशील टैक्स और रेगुलेटरी नीतियों के साथ समान अवसर की आवश्यकता है, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो। रिपोर्ट में 12 प्रमुख गेमिंग बाजारों में रेगुलेटरी फ्रेमवर्क और टैक्सेशन पॉलिसी पर नजर डाली गई। इसमें पता चला कि सभी 12 देशों में गेम्स ऑफ चांस को लेकर अलग कानूनी परिभाषा है। इस परिभाषा के साथ स्किल गेमिंग फॉर्मेट को लेकर अंतर स्पष्ट होता है।

सोने ने लगाई छलांग, 76700 रुपए प्रति 10 ग्राम पार, चांदी भी चमकी

नई दिल्ली।

सोने ने बुधवार को ऑल टाइम हाई का रेकॉर्ड बना दिया। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 76700 रुपए प्रति 10 ग्राम पार कर गई। मंगलवार के मुकाबले बुधवार को इसमें 363 रुपए की तेजी आई। इसके साथ 10 ग्राम सोने की कीमत 76723 रुपए हो गई। यह पहली बार है जब सोने ने रिकॉर्ड बना लिया है। बुधवार को चांदी में भी उछाल आया। सोने की कीमत में पिछले दो दिनों से गिरावट देखी जा रही थी लेकिन बुधवार को तेजी आई। मंगलवार को सोना 76360 रुपए पर बंद हुआ था। बुधवार को यह फ्लैट कीमत पर खुला लेकिन इसके बाद इसमें पंख लग गए। एक समय यह 76750 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई थी। हालांकि बाद में इसमें उतार-चढ़ाव जारी रहा। बुधवार को चांदी भी चमकी। एमसीएक्स पर दोपहर तक यह 544 रुपए बढ़कर 92194 रुपए प्रति किलो पहुंच गई। मंगलवार को यह 91623 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी। इससे पहले दो दिन तक इसमें भी मंदी थी। बुधवार दोपहर तक इसमें आधे फीसदी से ज्यादा उछाल आ गया। हालांकि यह अभी अपनी उच्चतम कीमत से कम है। इस महीने की शुरुआत में चांदी की कीमत प्रति किलो 93 हजार रुपए प्रति किलो पार कर गई थी। सोने की कीमत पिछले 15 दिनों में डेढ़ फीसदी से ज्यादा बढ़ गई है। त्योहारी और शादियों के सीजन को देखते हुए सोना महंगा हो सकता है। जानकार बताते हैं कि अगले साल की शुरुआत में सोना 80 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम हो सकता है। वहीं मिडिल ईस्ट में तनाव और अमेरिकी केंद्रीय बैंक की ओर से ब्याज दर कम होने की संभावना को देखते हुए इसमें और तेजी आ सकती है। एक तरफ भारत में सोने की कीमत में तेजी आई तो वहीं वैश्विक स्तर पर इसमें गिरावट आई है। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने के कारण सोने की कीमत में तेजी आई है। वहीं अमेरिका में सोने में गिरावट आई है। यहां सोना 0.53 फीसदी की गिरावट के साथ 2,676.57 डॉलर प्रति औंस हो गया।

रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ ही 84.03 पर बंद हुआ । आज सुबह रुपय 84.01 पर खुला । वहीं गत दिवस रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ ही 84.04 रुपये पर बंद हुआ था । शेयर बाजार के कमजोर कारोबार से भी आज रुपये की बढ़त पर अंकुश रहा। सकारात्मक घरेलू बाजारों से मिलने वाला समर्थन विदेशी पूंजी की निकासी से खत्म हो रहा था। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से भी रुपये पर दबाव आया । इससे भारत का पहले से ही चिंताजनक व्यापार घाटा और बढ़ गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 84.06 प्रति डॉलर पर खुला और फिर शुरुआती सौदों के बाद 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.05 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 फीसदी की गिरावट के साथ 103.25 पर रहा।

अदाणी ग्रीन एनर्जी ने डॉलर बॉन्ड से धन जुटाने की योजना रोकी

मुंबई । रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में काम करने वाली अदाणी ग्रुप की कंपनी, अदाणी ग्रीन एनर्जी ने डॉलर बॉन्ड के माध्यम से धन जुटाने की योजना को रोक दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों ने कंपनी की अपेक्षा से अधिक यील्ड पर बोली लगाई, जो कंपनी के लिए स्वीकार्य नहीं थी। इस कारण कंपनी ने धन जुटाने की योजना को रद्द कर दिया। एक बैंकर के मुताबिक, प्रारंभिक मार्गदर्शन के तहत 20 साल की परिपक्वता अवधि के लिए 7 प्रतिशत यील्ड की पेशकश की गई थी। मामले से जुड़े बैंकर ने कहा, कुछ निवेशक उच्च यील्ड की मांग कर रहे थे, जो अडानी समूह के हिसाब से सही नहीं थी, इसलिए उन्होंने सौदे को रद्द करने का निर्णय लिया।' दूसरे बैंकर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से संबंधित व्यापक बाजार अनिश्चितता और घरेलू राजनीतिक जोखिमों के कारण निवेशक अधिक यील्ड की मांग कर रहे थे, जो बॉन्ड जारीकर्ताओं की पुनर्भुगतान क्षमता को प्रभावित कर सकता है। मार्च में, अदाणी ग्रीन एनर्जी ने करीब 3 अरब डॉलर की बोलियां प्राप्त करने के बाद 18-वर्षीय बॉन्ड के माध्यम से 40.9 करोड़ डॉलर जुटाए। ताजा बॉन्ड इश्यू का नेतृत्व अदाणी ग्रीन की यूनिट्स - अदाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर वन, अदाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर टू, अदाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर फोर और अदाणी सोलर एनर्जी जैसलमेर वन ने एक संरचित बॉन्ड डील के माध्यम से किया था।

बीईएमएल को मिला ठेका.....दो हाई-स्पीड ट्रेन सेट्स का डिज़ाइन बनने का

मुंबई । सरकारी कंपनी बीईएमएल को 867 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट मिला है, इसके तहत दो हाई-स्पीड ट्रेन सेट्स का डिज़ाइन, निर्माण और कमीशनिंग होगा। यह पहली बार है जब इस तरह का काम देश में ही किया जाएगा। यह ठेका चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) द्वारा दिया गया है। बीईएमएल ने एक्सचेंजों को जानकारी दी, ÷प्रत्येक कार की कीमत 7.86 करोड़ है और टोटल कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू 866.87 करोड़ है। इसमें डिजाइन खर्च, एक बार की विकास लागत, गैर-आवर्ती शुल्क, और जिग्स, टूलिंग, फिक्स्चर, और टेस्टिंग सुविधाओं की लागत शामिल है, जो भारत की भविष्य की सभी हाई-स्पीड रेल परियोजनाओं में उपयोग की जाएगी। यह प्रोजेक्ट भारत की हाई-स्पीड रेल यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और इसमें 280 किमी प्रति घंटा की टेस्ट स्पीड के साथ पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित ट्रेन सेट्स देखने को मिलेंगी। बीईएमएल के बेंगलुरु रेल कोच कॉम्प्लेक्स में यह सेट्स तैयार होने है और इनकी डिलीवरी 2026 के अंत तक निर्धारित है। जापानी बुलेट ट्रेन हासिल करने के लिए हुई वार्ताओं में असफलता के बाद, रेलवे ने अपनी खुद की ट्रेनें बनाने का फैसला किया है। हालांकि, बीईएमएल द्वारा तैयार ट्रेनें मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए होंगी या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। बीईएमएल के अनुसार, पूरी तरह एयर-कंडीशंड इन ट्रेनों में रेक्लाइनिंग और रोटेटेबल सीटें होंगी, विशेष प्रावधान विकलांग यात्रियों के लिए होंगे, और ऑनबोर्ड इंफोटेनमेंट सिस्टम की सुविधा भी मिलेगी। पिछले एक साल में रेलवे ने राजस्थान में स्टैंडर्ड गेज ट्रेनों के परीक्षण के लिए एक ट्रैक तैयार किया है, ताकि हाई-स्पीड ट्रेनों के निर्माण में अपनी क्षमता को साबित किया जा सके। रेलवे का उद्देश्य वंदे भारत ट्रेनों को ब्रॉड गेज से बदलकर स्टैंडर्ड गेज में तब्दील करना है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाला गेज है, और इन्हें निर्यात भी किया जा सके।

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ । बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों और बिकवाली से आई है । वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। । आज प्रमुख कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम निराशाजनक और विदेशी निवेशकों के घरेलू बाजार से पैसा निकालने से भी ये नीचे आया है।

इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर अधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 0.39 फीसदी करीब 318.76 अंक टूटकर 81,501.36 पर बंद हुआ । वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 0.34 फीसदी तकरीबन 86.05 अंक फिसलकर 24,971.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) का शेयर सबसे अधिक 2.87 फीसदी गिरा । इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, कोटक बैंक, आईटीसी, टाइटन, इंडसइंड बैंक, अल्ट्रा सीमेंट, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नीचे आये ।

वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 0.92 फीसदी उछला । इसके अलावा भारती एयरटेल, रिलायंस, एशियन पेंट्स, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के शेयर भी उछले हैं।

बाजार जानकारों के अनुसार वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर रुझान, आईटी स्टॉक्स और ऑटो कंपनियों के शेयरों में गिरावट और विदेशी निवेशकों की निकाषी हावी हाने से घरेलू बाजार में गिरावट आई।

दूसरी ओर विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 1,748.71 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

इससे पहले आल सुबह घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर खुला। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले कमजोर रुख से बाजार में ये गिरावट दर्ज की गयी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 198 अंक करीब 0.24 फीसदी नीचे आकर 81,621 पर खुला। वहीं दूसरी ओर निफ्टी-48 अंक तकरीबन 0.19 फीसदी फिसलकर 25,009 पर खुला। वहीं गिफ्ट निफ्टी से बाजार की कमजोर शुरुआत दिख रही है। सुबह गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स करीब 49 अंक फिसलकर 25,069 पर कारोबार कर रहा था।

इससे पहले गत दिवस अमेरिकी शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आया। इस दौरान वॉल स्ट्रीट के तीनों प्रमुख इंडेक्स नुकसान में रहे। नैस्डैक कंपोजिट में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। यह इंडेक्स 1.01 नीचे आया। एसएंडपी 500 0.76 फिसला, डॉव जोन्स भी नुकसान में रहा।

आज शुरुआती कारोबार में एशियाई बाजारों में भी गिरावट आई है। यह इंडेक्स 1.85 फीसदी गिरा, टॉपिक्स 1.13 फीसदी नीचे आया, ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी /एएसएक्स 200 0.4 फीसदी की गिरावट के साथ खुला, जबकि कोरिया का कोस्पी 1.22 फीसदी और कोस्डाक 0.93 फीसदी गिरा। पिछले कारोबारी सत्र में बाजार में गिरावट दर्ज की गयी थी।

क्यूआईपी से अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी ने कमाए 4,200 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी, अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपने संस्थागत शेयर बिक्री या क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के समापन का ऐलान किया है। क्यूआईपी से अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी ने 4,200 करोड़ कमाए हैं। अडाणी एंटरप्राइजेज ने 9 अक्टूबर को संस्थागत शेयर बिक्री की शुरुआत की थी। अडाणी एंटरप्राइजेज ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स को 1 रुपए के फेस वैल्यू वाले 1.41 करोड़ इक्विटी शेयरों के निर्गम और आवंटन को मंजूरी दे दी। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि क्यूआईपी के लिए इश्यू प्राइस 2,962 रुपए प्रति शेयर तय किया है, जो कि 3,117.47 रुपए प्रति शेयर के फ्लोर प्राइस से पांच फीसदी की छूट है। मंगलवार के क्लोजिंग प्राइस की तुलना में, इश्यू प्राइस पर दी गई छूट फ्लोर प्राइस की तुलना तकरीबन समान ही है। एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि क्वांट म्यूचुअल फंड अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के हाल ही में खत्म हुए क्यूआईपी में सबसे बड़े प्रतिभागी के रूप में उभरा है, जिसने कुल इश्यू शेयरों का करीब 47 फीसदी हिस्सा प्राप्त किया। क्वांट म्यूचुअल फंड की फ्लैगशिप स्कीम, क्वांट स्मॉल कैप फंड ने क्यूआईपी का 17.41 फीसदी का बड़ा आवंटन हासिल किया है। अन्य क्वांट योजनाएं जैसे क्वांट ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड, क्वांट एक्टिव फंड, और क्वांट फ्लेक्सी कैप फंड ने भी क्यूआईपी में 7 फीसदी से ज्यादा की अहम हिस्सेदारी ली है। क्यूआईपी के अन्य प्रमुख प्रतिभागियों में विनरो कमर्शियल (इंडिया) लिमिटेड शामिल है, जिसने अनुमानित 525 करोड़ रुपए की राशि के लिए 12.5 फीसदी हिस्सेदारी ली और ट्री लाइन एशिया मास्टर फंड (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड, जिसे कुल आवंटन का 5.95 फीसदी हासिल हुआ। इसके अतिरिक्त, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को 5.06 फीसदी का आवंटन मिला, जिसके लिए अनुमानित निवेश 212 करोड़ रुपए से ज्यादा का है।

21 को खुलेगा वारी एनर्जीज़ का आईपीओ, जीएमपी 85 फीसदी के ऊपर होगा

- हुंडई के आईपीओ से निवेशक खुश नहीं, प्रीमियम हर दिन हो रहे कम

नई दिल्ली।

हुंडई का आईपीओ खुल गया, लेकिन निवेशक खुश नहीं हैं, क्योंकि इस स्टॉक के लिए ग्रे मार्केट में प्रीमियम हर दिन कम हो रहे हैं, लेकिन चिंता करने की जरुरत नहीं। वारी एनर्जीज़ का आईपीओ सोमवार को खुलने वाला है। इसका प्राइस बैंड तय हो गया है और सबसे अच्छी बात ये है कि ग्रे मार्केट में इसका प्रीमियम जीएमपी 85 फीसदी तक उछल गया है। वारी एनर्जीज़ ने अपने आईपीओ के लिए 1,427 से 1,503 रुपए प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। यह आईपीओ 21 अक्टूबर सोमवार को खुलेगा और 23 अक्टूबर तक निवेशक इसमें बोली लगा सकेंगे। निवेशक न्यूनतम 9 शेयरों की एक लॉट में बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 9 के मल्टीप्लाई (18, 27, 36ज) की संख्या में शेयरों की बोली लगा सकते हैं। आईपीओ वॉच के मुताबिक हुंडई का ग्रे-मार्केट प्रीमियम बुधवार को कुछ उछला है मंगलवार को यह 45 रुपए था, बुधवार को यह 65 रुपए पर पहुंच गया। हुंडई में बोली लगाने के केवल दो दिन बचे हैं। हालांकि सुबह हुंडई का आईपीओ केवल 22 फीसदी ही सबस्क्राइब हुआ था। मंगलवार को पूरे दिन में यह 18 फीसदी ही बोलियां हासिल कर सका था। इस आईपीओ में कंपनी की फ्रेश इक्विटी शेयरों की बिक्री के जरिए से 3,600 करोड़ रुपए जुटाए जाएंगे। ऑफर फॉर सेल के जरिए 48 लाख शेयर बिक्री के लिए रखे जाएंगे, जिनमें से वारी सस्टेनेबल फाइनेंस और चंदुरकर इन्वेस्टमेंट्स अपने हिस्सेदारी बेचेंगे। प्राइस बैंड के ऊपरी बैंड पर ऑफर फॉर सेल का कुल मूल्य 721.44 करोड़ रुपए हो सकता है, जिससे कुल आईपीओ आकार 4,321.44 करोड़ रुपए का होगा।वारी एनर्जीज़ के शेयर अनलिस्टेड मार्केट में 1,280 रुपए के प्रीमियम पर ट्रेड हो रहे हैं, जोकि 1,503 रुपए के ऊपरी प्राइस बैंड के हिसाब से 85 फीसदी है। इसका मतलब है कि इस आईपीओ के प्रति निवेशकों का अच्छा उत्साह है और इसे बाज़ार में बड़ी संभावनाएं दिख रही हैं। इस आईपीओ में 50फीसदी हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आरक्षित है, जबकि 15फीसदी नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशकों के लिए और 35 फीसदी रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व है। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई दोनों स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट होंगे।

विकसित भारत के लिए जीडीपी में विनिर्माण का योगदान बढ़ाने की जरुरत बाली

नई दिल्ली।

वोल्वो ग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष कमल बाली ने विनिर्माण क्षेत्र को विकसित भारत के लिए 'कमजोर कड़ी' बताते हुए कहा कि इस लक्ष्य को पाने जीडीपी में विनिर्माण का योगदान बढ़ाकर 25 फीसदी करने की आवश्यकता है। बाली ने एक संगोष्ठी में कहा कि देश को गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करके अपने पड़ोसी से अन्य भौगोलिक क्षेत्रों में तीन लाख करोड़ डॉलर के विनिर्माण अवसर को भुनाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत बनाना है तो विनिर्माण को पूरी क्षमता से काम करना होगा। विनिर्माण क्षेत्र हमारी कमजोर कड़ी है। उन्होंने कहा कि पिछले 20-25 सालों से विनिर्माण क्षेत्र भारत के जीडीपी के 15-16 फीसदी स्तर पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक सरकारों और कई नेताओं ने कोशिश भी की है लेकिन यह आगे नहीं बढ़ पाई है। इसलिए, इसमें बदलाव की जरुरत है। बाली ने जर्मनी, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि इनमें से ज्यादातर देश 40 से 50 सालों से विनिर्माण के जरिए से आगे बढ़ रहे हैं। भारत भी इससे अलग नहीं होगा। इसलिए विनिर्माण क्षेत्र को जीडीपी के 25 फीसदी तक बढ़ाना होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि यह एक बड़ा कदम होगा और एक तरह से चुनौती भरा है।

भारत /न्यूजीलैंड : बारिश की भेंट चढ़ा पहले दिन का खेल, बेंगलुरु में टॉस तक भी नहीं हो सका

बेंगलुरू (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार 16 अक्टूबर से तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज हो गया है। लेकिन बारिश के कारण बेंगलुरु के एम ए चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले टेस्ट का पहला दिन बाधित हो गया। यहां टॉस तक भी नहीं हो पाया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र का हिस्सा है।

मौसम विभाग ने पूरे दिन बारिश की भविष्यवाणी की है, जिसके कारण भारतीय खिलाड़ी खुद को एक्टिव रहने के लिए इनडोर नेट्स में प्रैक्टिस कर रहे हैं। भारतीय टीम के खिलाड़ी विराट कोहली यशस्वी जायसवाल मैदान पर नजर आए थे। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक वह अपने किट के साथ इंडोर नेट्स में गए और कुछ समय बिताया। लंच के बाद भी बारिश होने के कारण पहले दिन का खेल रद्द करनापड़ा। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान दूसरे टेस्ट मैच में भी बारिश के कारण मैच तय नहीं हो सका। हालांकि, पहले दिन टॉस हुआ था और कुछ ओवर का मैच हुआ था लेकिन फिर दो दिन तक बारिश की वजह से खेल नहीं हो सकता था। लेकिन अंतिम दो दिन में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम किया था।

'भारत के बारे में बात करने पर प्रतिबंध है', पाकिस्तान ए क्रिकेट टीम के कप्तान का खुलासा

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान ए टीम के कप्तान मोहम्मद हारिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है कि पुरुष टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप के लिए उनकी टीम को ड्रेसिंग रूम में भारत के बारे में बात करने पर प्रतिबंध है। पाकिस्तान शाहीन 19 अक्टूबर को अपने टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत ए से भिड़ेगी। उनके ग्रुप में यूएई और ओमान दो अन्य टीमें हैं।

हारिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में कहा, 'आपको एक बात बताऊं। पहली दफा होगा के इस ड्रेसिंग रूम में भारत पर बात करने पर पाबंदी है।' 23 वर्षीय हारिस ने सीनियर पाकिस्तान टीम के लिए अब तक 6 वनडे और 9 टी20 मैच खेले हैं, ने कहा कि अगर खिलाड़ी केवल भारत के खिलाफमैच के बारे में बात करते हैं तो इससे उन पर अतिरिक्त दबाव बनता है।

उन्होंने कहा, 'हमें (सिर्फ) भारत के बारे में नहीं सोचना है, हमें दूसरी टीमों के बारे में भी सोचना है। मैं (सीनियर) पाकिस्तान टीम में रहा हूं, पिछला विश्व कप भी खेला है। इससे इतना दबाव बनता है कि मानसिक रूप से आप भारत, भारत के बारे में सोचते रहते हैं। हमें दूसरी टीमों का भी सामना करना है। इसलिए इस टीम पर फिलहाल (भारत के बारे में बात करने पर) प्रतिबंध है। हमने अभी तक ड्रेसिंग रूम में भारत के बारे में बात नहीं की है। सिर्फभारत ही नहीं, हमें दूसरी टीमों का भी सम्मान करना है।'

टूर्नामेंट में भारत की अगुआई मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा करेंगे जो सीनियर टीम के लिए पहले ही चार वनडे और 16 टी20 मैच खेल चुके हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को वर्मा की जगह उप-कप्तान नियुक्त किया गया है।

आईसीसी रैंकिंग: रैंकिंग में जो रूट को हुआ फायदा, 'स्पेशल-20' क्लब में हुई एंट्री

दुबई (एजेंसी)। आईसीसी ने खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है। इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने अब आईसीसी टेस्ट रैंकिंग के एक स्पेशल 20 क्लब में एंट्री की है। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली पहले से ही लिस्ट में विराजमान हैं। दरअसल, रूट ने क्रिकेट इतिहास में 20 पुरुष बैटर्स द्वारा हासिल की गई करियर की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट रेटिंग है। कोहली 15वें नंबर पर हैं। वह 937 रेटिंग अंकों तक पहुंच चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन 961 रेटिंग अंकों के साथ टॉप पर हैं।

आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की लेटेस्ट रैंकिंग की बात करें तो जो रूट टॉप पर हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में दोहरा शतक जड़ा था। उन्होंने मुल्तान में 375 गेंदों में 17 चौके जड़े और 262 रन की पारी खेली। ये रूट के टेस्ट करियर का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। रूट ने दोहरा शतक जमाने के बाद रेटिंग अंकों में इजाफा किया है। इससे पहले उनके हाईएस्ट रेटिंग अंक 923 थे। रूट ने रैंकिंग में 100 से ज्यादा अंकों की बढ़त हासिल की।

वहीं न्यूजीलैंड के केन विलियमसन 829 अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। उनके साथ इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 829 अंक भी हैं। ब्रूक ने मुल्तान में तिहरा शतक (317) जमाया था उन्होंने 11 स्थान की छलांग लगाई। कोहली सातवें नंबर पर हैं।

महिला टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में आज ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा मुकाबला

दुबई (एजेंसी)। आईसीसी महिला टी20 विश्वकप क्रिकेट सेमीफाइनल के लिए चार टीमें तय हो गयी हैं। इसमें सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत गुरुवार 17 अक्टूबर से होगी। इसमें पहला सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। इसमें ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप ए में थी जबकि दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप बी से सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला 17 अक्टूबर को खेला जाएगा। दोनों टीमें इस मैच के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया की टीम लीग स्टेज में अपने चारों मैच जीतकर अंक तालिका में पहले स्थान पर रही थी। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने चार में से अपने तीन मुकाबलों को जीता था और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेला जाएगा। ये मैच 18 अक्टूबर को शारजाह

क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। इसमें न्यूजीलैंड की टीम ने ग्रुप ए में चार में से अपने तीन मैच जीते थे। वह 6 अंक लेकर ऑस्ट्रेलिया के बाद वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप बी की टॉप टीम है। वेस्टइंडीज ने भी अपने चार में से तीन मैच जीते थे, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण अंक तालिका में वह दक्षिण अफ्रीका के बराबर अंक होते हुए वह पहले स्थान पर रही। सेमीफाइनल में जीतने वाली टीम रविवार, 20 अक्टूबर को खेले जाने वाले फाइनल में पहुंचेगी। फाइनल मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

मयंक ओर नितीश को शीघ्र ही टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू का अवसर मिलेगा : रोहित

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि आने वाले समय में तेज गेंदबाज मयंक यादव और ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को भी टेस्ट पदार्पण का अवसर मिलेगा। मयंक और नितीश दोनों ही बांग्लादेश के खिलाप हाल ही में संपन्न तीन मैचों की सीरीज में भारत की टी20 टीम में शामिल थे ओर इसमें इन दोनो का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। दूसरे टी20 मैच में नितीश ने 34 गेंदों पर 74 रन बनाकर प्रभावित किया। इसमें 3 विकेट भी शामिल थे। वहीं मयंक ने भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए तीन मैचों में सात से कम की इकॉनमी रेट से चार विकेट लिए। इन दोनों को प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा के साथ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। रोहित ने कहा कि, मैं समझता हूं कि इन दोनो ने ही अब तक बहुत अधिक नहीं खेला है। हम बेंच स्ट्रेंथ बनाना चाहते हैं।

डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने वाले गुलाम को बाबर आजम ने बधाई दी

मुल्तान। पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज और पूर्व कप्तान बाबर आजम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार शतक लगाने वाले बल्लेबाज कामरान गुलाम की जमकर प्रशंसा की है। गुलाम को बाबर आजम की जगह इस मैच में शामिल किया गया था। गुलाम ने इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने अच्छा खेल दिखाते हुए 224 गेंदों पर 11 चौकों और 1 छक्के की मदद से 118 रन बनाए। बाबर ने सोशल मीडिया पर गुलाम को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी औरलिखा – अच्छा खेला कामरान। कामरान ने अपने डेब्यू पर शानदार शतक लगाकर पाक टीम को पांच विकेट पर 259 के स्कोर तक पहुंचाया। इस नये बल्लेबाज ने खराब फॉर्म में चल रहे बाबर की जगह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की और इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमकण का अच्छे से सामना किया। वहीं दिन के अंत में मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा क्रमश: 37 और पांच रन बनाकर नाबाद थे। जब मेजबान टीम टॉस जीतकर 19 पर दो विकेट खोकर दबाव में थी तब कामरान ने सैम अयूब के साथ तीसरे विकेट के लिए 149 रन जोडे जिन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ 77 रन की पारी खेली और रिजवान के साथ पांचवें विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की। उन्होंने स्पिनर जो रूट की गेंद पर चौका लगाकर शतक तक पहुंचने में 280 मिनट का समय लिया और अपने डेब्यू टेस्ट में शतक बनाने वाले पाकिस्तान के 12वें बल्लेबाज बन गए।

लियोनेल मेसी ने तोड़ा क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड, संन्यास को लेकर कही बड़ी बात

फुटबॉल जगत में पिछले दो दशकों से अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बीच प्रतिद्वंद्विता चल रही है। दोनों अंतर्राष्ट्रीय और प्रोफेशनल फुटबॉल में एक दूसरे के रिकॉर्ड तोड़ते आ रहे हैं। इस रिकॉर्ड तो तोड़ने के बाद मेसी ने अपने रिटायरमेंट को लेकर भी बड़ी बात कही। वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना बोलिविया का सामना कर रही थी। इस मैच में उन्होंने 6-0 से जीत हासिल की जिसमें मेसी की हैट्रिक का अहम रोल था। 37 साल के मेसी ने 19वें, 84वें और 86वें मिनट में गोल किए। अर्जेंटीना के दो गोल मेसी के पास पर हुए। उन्होंने लोटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के लिए गए गोल में एसिस्टेंट की भूमिका निभाई थी। ये मेसी के करियर की 10वीं अंतर्राष्ट्रीय हैट्रिक थी। इस मामले में उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बराबरी की। वह दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 10 हैट्रिक लगाई है। दोनों सबसे ज्यादा हैट्रिक लगाने वाली खिलाड़ी हैं। लियोनेल मेसी ने मैच को लेकर कहा, यहां आकर लोगों का प्यार महसूस करके बहुत अच्छा लगता है जिस तरह से वे मेरा नाम पुकारते हैं उससे मैं बहुत प्रभावित होता हूं। ये मुझे प्रेरित करता है। मैं जहां हूं वहां खुश रहना पसंद करता हूं। अपनी उम्र के बावजूद, जब मैं यहां आया हूं तो मैं खुद को एक बच्चे की तरह महसूस करता हूं क्योंकि मैं इस टीम के साथ सहज हूं।

नीतू, डिविलियर्स और कुक आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल

दुबई (एजेंसी)। टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (53 रन पर आठ विकेट) करने वाली भारत की पूर्व स्पिनर नीतू डेविड बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) हॉफ ऑफ फेम में शामिल होने वाली देश की दूसरी महिला क्रिकेटर बनीं। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक को भी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली।

भारतीय महिला टीम की चयन समिति की मौजूदा अध्यक्ष नीतू को पूर्व कप्तान डायना इडुल्जी को शामिल किए जाने के एक साल बाद आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली है। बाएं हाथ की स्पिनर नीतू ने भारत के लिए 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच (10 टेस्ट और 97 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय) खेले। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 47 साल की नीतू 141 विकेट के साथ भारत की दूसरी सबसे सफल गेंदबाज हैं। वह 50 ओवर के प्रारूप में 100 विकेट के आंकड़े को छूने वाली देश की पहली महिला गेंदबाज भी रहीं।

विश्व कप 2005 की सबसे सफल गेंदबाज नीतू ने भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। नीतू ने आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा, 'आईसीसी

हॉल ऑफ फेम में शामिल होना बेहद सम्मान की बात है जिसे मैं राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने वाले किसी भी खिलाड़ी के लिए सर्वोच्च मान्यता मानती हूं।'' उन्होंने कहा, 'यह इस महान खेल के लिए जीवन भर के समर्पण के बाद आता है और यह मेरे लिए इस मुकाम तक पहुंचने की एक बहुत ही विशेष यात्रा है।''

नीतू ने कहा, 'अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों के साथ हॉल ऑफ फेमर माना जाना शानदार है और मैं इस विशिष्ट क्लब का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं।' नीतू ने 1995 में 17 साल की उम्र में नेल्सन में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला। उन्होंने 1995 में ही जमशेदपुर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की दो रन की करीबी हार के दौरान 53 रन देकर आठ विकेट चटकाए जो आज भी महिला टेस्ट में एक पारी में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत गेंदबाजी प्रदर्शन है। नीतू ने 10 टेस्ट में 41 विकेट चटकाए जबकि 97 एकदिवसीय मुकाबलों में 16.34 के औसत से 141 विकेट हासिल किए। नीतू ने 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया लेकिन दो साल बाद अपना फैसला बदलते हुए एकदिवसीय प्रारूप में एशिया कप और भारत के इंग्लैंड दौरे पर खेलीं।

दूसरी तरफ कुक ने 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2018 में इंग्लैंड की ओर से सबसे अधिक टेस्ट रन और शतक बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा। वह कप्तान के रूप में भी काफी सफल रहे। डिविलियर्स ने 14 साल के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में तीनों प्रारूपों में 20 हजार से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। मैदान के चारों तरफ शॉट खेलने की क्षमता के लिए डिविलियर्स को 'मिस्टर 360' भी कहा जाता है।

उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की ओर से एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक, शतक और 150 रन का रिकॉर्ड बनाया और उन्हें खेल के इतिहास के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार किया जाता है। आईसीसी हॉल ऑफ फेम जनवरी 2009 में शुरू किया गया जो वैश्विक संचालन संस्था के शताब्दी समारोह का हिस्सा था। इन खिलाड़ियों को शामिल किए जाने का जश्न इस सप्ताह दुबई में विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला के जरिए मनाया जाएगा जो महिला टी20 विश्व कप के समापन के दौरान होगी।

एमबाप्पे के खिलाफ चल रही बलात्कार मामले की जांच, मामले पर फुटबॉलर के प्रतिनिधियों ने दी प्रतिक्रिया

स्टॉकहोम। फ्रांस के फुटबॉल स्टार काइलियान एमबाप्पे के प्रतिनिधियों ने स्वीडन के मीडिया में छपी उस रिपोर्ट को 'झूठी और गैर जिम्मेदाराना' बताया है जिसमें कहा गया है कि उनके खिलाफ बलात्कार के एक मामले में जांच चल रही है। सूत्रों का हवाला दिए बिना स्वीडन के कई मीडिया ने रिपोर्ट दी है कि रीयाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर एमबाप्पे के खिलाफ बलात्कार के मामले की जांच चल रही है। रिपोर्ट के बाद स्वीडन के अभियोजकों ने मंगलवार को छोटा सा बयान जारी किया कि पुलिस के पास बलात्कार की एक शिकायत आई है लेकिन इसमें किसी का नाम नहीं लिया गया। बयान में कहा गया, 'रिपोर्ट के अनुसार यह घटना स्टाकहोम के एक होटल में 10 अक्टूबर 2024 की है।' एमबाप्पे की मीडिया टीम ने कहा, 'ये आरोप बिल्कुल झूठे और गैर जिम्मेदाराना है। काइलियान एमबाप्पे अपनी प्रतिष्ठा और सम्मान पर किसी तरह की आंच आना बर्दाश्त नहीं करेंगे।' अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी एमबाप्पे ने लिखा, 'फेक न्यूज।'

दिल्ली कैपिटल्स में पोंटिंग का उत्तराधिकारी कौन ? 40 वनडे खेला यह दिग्गज आगे आया

नई दिल्ली - भारत के बाएं हाथ के पूर्व खिलाड़ी हेमंग बदानी दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं जबकि तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल का नाम फ्रेंचाइजी के सहयोगी स्टाफ में भूमिका के लिए चर्चा में है। दिल्ली कैपिटल्स ने कुछ सप्ताह पहले ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को उनकी उपलब्धता संबंधी समस्याओं के कारण मुख्य कोच के रूप में हटा दिया था। पोंटिंग 2018 से टीम के साथ थे। इंडियन प्रीमियर लीग के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि दिल्ली कैपिटल्स का प्रबंधन स्तरीय घरेलू कोच ढूंढ रहा है और हेमंग तथा मुनाफ का नाम सामने आया है। अभी अंतिम फैसला नहीं किया गया है लेकिन मुनाफ गेंदबाजी कोच हो सकते हैं। अधिकांश अन्य फ्रेंचाइजी की तरह दिल्ली कैपिटल्स के भी आगामी भव्य नीलामी से पहले तीन खिलाड़ियों को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखने) करने की उम्मीद है। टीम कप्तान ऋषभ पंत (18 करोड़ रुपये), ऑलराउंडर अक्षर पटेल (14 करोड़) और बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव (11 करोड़) को रिटेन कर सकती है। पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने पर 75 करोड़ रुपए खर्च होंगे इसलिए यह माना जा रहा है कि पिछले साल के स्टार खिलाड़ी जेक-फ्रेजर मैकगर्क और दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स को टीम राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड के जरिए चुन सकती है, बशर्ते उनकी कीमत टीम के बजट के भीतर हो। बदानी का नाम मुख्य कोच के रूप में आने का कारण अगले दो वर्षों के लिए प्रबंधन में बदलाव का मामला हो सकता है। टीम के सह-मालिकों में से एक जीएमआर अब टीम का संचालन करेगा। दूसरा सह-मालिक जेएसडब्ल्यू है। माना जाता है कि दोनों सह-मालिकों के बीच दो-दो साल तक टीम का प्रबंधन करने पर सहमति है। बदानी इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद में ब्रायन लारा के साथ काम कर चुके हैं लेकिन अगर उन्हें यह काम मिलता है तो यह उनके लिए बहुत बड़ा मौका होगा। तमिलनाडु के पूर्व बल्लेबाज बदानी ने 2001-2004 के बीच भारत के लिए चार टेस्ट और 40 एकदिवसीय मैच खेले जिसमें 2001 की द्विपक्षीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय शतक उनके करियर का मुख्य आकर्षण रहा।

रोहित नीलामी में उतरे तो कई टीमें लगाएंगी बोली - हरभजन

मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि अगर वह आईपीएल 2025 सत्र के लिए नीलामी में शामिल होते हैं तो नीलामी का आकर्षक और बढ़ जाएगा। रोहित को मुम्बई इंडियंस ने 2024 आईपीएल सत्र में कप्तानी से हटा दिया था। ऐसे में माना जा रहा है कि वह इस बार नीलामी में उतर सकते हैं। टीम को 5 बार खिताब जिताने के बाद भी जिस प्रकार उन्हें हटाया गया उससे रोहित नाराज माने जा रहे हैं। हरभजन ने कहा कि अगर रोहित नीलामी के लिए अपना नाम देते हैं तो फ्रेंचाइजी को उनके लिए बोली लगाते देखना एक अच्छा अनुभव होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि मुंबई इंडियंस उन्हें रिटेन करती है या नहीं। अगर वह नीलामी पूल में प्रवेश करते हैं, तो वह बोली को विशेष बना देंगे, क्योंकि बहुत सी टीमें उनके नाम पर बोली लगाएंगी। मुम्बई के साथ तीन आईपीएल खिताब जीतने वाले भज्जी ने रोहित की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनमें अभी काफी क्रिकेट बचा है। उन्होंने कहा कि रोहित एक नेता और खिलाड़ी के रूप में काफी अच्छे हैं। वह एक उच्च गुणवत्ता वाले क्रिकेटर और एक मैच विजेता हैं। ऐसे में अगर रोहित नीलामी में उतरते हैं तो उन्हें मोटी रकम मिलेगी। नीलामी देखना रोमांचक होगा। रोहित को एक दशक पहले साल 2013 सत्र के बीच में मुंबई ने कप्तान बनाया तब रिकी पोंटिंग ने अपना पद छोड़ दिया था। रोहित ने पूरी तरह से फ्रेंचाइजी की किस्मत बदल दी और टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल कप्तानों में से एक बन गए। इस बीच, उन्होंने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को सफलता दिलाई। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या मुंबई उन्हें 18वें सीजन से पहले रिलीज करता है या नहीं।

आईओए हमारे सुझावों पर ध्यान नहीं देता, खिलाड़ी आयोग की प्रमुख मैरीकोम ने कहा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष महान मुक्केबाज एमसी मैरीकोम ने कहा है कि उन्होंने राष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सुझाव देना बंद कर दिया है क्योंकि उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया जाता। मैरीकोम उन 10 शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल थीं जिन्हें नवंबर 2022 में आईओए खिलाड़ी आयोग में चुना गया था। आईओए में इस समय खींचतान चल रही है जिसमें पदाधिकारियों का एक वर्ग अध्यक्ष पीटी उषा के कामकाज के तरीके पर सवाल उठा रहा है। उषा ने हालांकि अपने खिलाफ सभी आरोपों से इनकार किया है।

आईओए में चल रहे सत्ता संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर मैरीकोम ने पीटीआई से कहा, ''मैं आईओए के कामकाज में शामिल नहीं हूं। हमने आईओए के साथ कई बातें साझा की, लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी। वे मेरे सुझावों को नहीं सुनते। मैं राजनीति नहीं जानती और मैं किसी को दोष नहीं देना चाहती।'' भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक से पदक के बिना लौटे और मैरीकोम इस नतीजे से बेहद निराश थीं।

41 वर्षीय मैरीकोम ने अफसोस जताया कि ओलंपिक से पहले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ में किसी ने उनकी मदद नहीं मांगी। उन्होंने कहा, ''मैं यह नहीं बता सकती कि क्या गलत हुआ क्योंकि उन्होंने मुझे आमंत्रित ही नहीं किया। वे मेरे अनुभव का इस्तेमाल कर सकते थे। मैं मुक्केबाजों को उनकी कमजोरियां और मजबूत पक्ष बता सकती हूं।'' लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकोम को लगता है कि जब तक कोचिंग संरचना में सुधार नहीं किया जाता तब तक पदक नियमित रूप से नहीं आएंगे।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

रितेश हैं 2024 के सबसे खूबसूरत शाकाहारी सेलिब्रिटी, पेटा इंडिया द्वारा पुरस्कार

उनकी दयालु जीवनशैली और टिकाऊ जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए, बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख को पीपुल्स फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया द्वारा 2024 का सबसे खूबसूरत शाकाहारी सेलिब्रिटी नामित किया गया है। स्क्रीन पर अपनी करिश्माई उपस्थिति के लिए जाने जाने वाले, रितेश ने जानवरों और नैतिक विकल्पों के लिए अपनी वकालत के माध्यम से ऑफ-स्क्रीन भी उतनी ही धूम मचाई है। पौधों पर आधारित जीवन शैली का पालन करने वाले देशमुख, जो पौधों पर आधारित जीवन शैली के एक उत्साही समर्थक हैं, ने अपनी पत्नी और अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख के साथ इमेजिन मीट्स की सह-स्थापना की। कंपनी ने अपने स्वादिष्ट पौधों पर आधारित विकल्पों के लिए व्यापक ध्यान आकर्षित किया है, जो क्रूरता-मुक्त भोजन को बढ़ावा देने के विकल्प प्रदान करता है। ब्रांड के शाकाहारी चिकन नगेट्स को पहले पेटा इंडिया के सर्वश्रेष्ठ शाकाहारी मांस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, जिससे दयालु भोजन की दुनिया में इसकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई।

पशु कल्याण और पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बारे में बोलते हुए, देशमुख ने कहा, क्रूरता मुक्त जीवनशैली जीना न केवल जानवरों की मदद करने के बारे में है, बल्कि हमारे ग्रह की रक्षा करने के बारे में भी है। प्रत्येक पौधे-आधारित भोजन के साथ, हम एक सकारात्मक प्रभाव डालते हैं, और यह कुछ ऐसा है जिसमें हम सभी योगदान कर सकते हैं। मैं पेटा द्वारा न केवल हमारे पर्यावरण के लिए क्रूरता-मुक्त जीवन के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए बल्कि एक बेहतर इंसान बनने के लिए हमारे मन में करुणा पैदा करने के प्रयास की सराहना करने के लिए भी समय निकाल रहा हूं।

अपने पाककला उद्यमों के अलावा, रितेश स्थायी जीवन और जानवरों के प्रति करुणा के लाभों को बढ़ावा देने के लिए अपने मंच का उपयोग करते हैं। अपने सोशल मीडिया और साक्षात्कारों के माध्यम से, वह लाखों लोगों को शाकाहारी विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। देशमुख के प्रयास सिर्फ आहार के बारे में नहीं हैं; वे पशु कल्याण पर दृष्टिकोण को नया आकार देने और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने के बारे में भी हैं।

पेटा इंडिया में सेलिब्रिटी और जनसंपर्क के उपाध्यक्ष सचिन बंगेरा ने कहा, फिल्मों में अपने काम से लेकर पशु अधिकारों की वकालत तक, रितेश देशमुख ने लगातार खुद को एक दयालु सुपरस्टार साबित किया है। उन्होंने आगे कहा, अपने जीवन के हर पहलू में दयालुता को चुनकर, रितेश दिखा रहे हैं कि किसी व्यक्ति के बारे में सबसे खूबसूरत बात यह है कि वे दूसरों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं - जिसमें जानवर भी शामिल हैं।

श्रद्धा के लिए फैशन सादगी और कम्फर्ट का नाम

2010 में तीन पत्ती से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली श्रद्धा कपूर ने अपनी फैशन यात्रा का राज बताया है। उनके मुताबिक ये उनकी खोज और फिर उनमें कुछ बेहतर करने की ललक पर आधारित है। लेबल कल्कि के लिए शो स्टॉपर रही श्रद्धा ने बताया, मेरे डेब्यू के बाद से, मेरी फैशन यात्रा एक्सप्लोरेशन और रिफाईनमेंट की रही है। शुरू में, मैंने यह पता लगाने के लिए विभिन्न शैलियों के साथ प्रयोग किया कि मेरे लिए सबसे उपयुक्त क्या है। समय के साथ, मैंने शैली की एक अधिक परिभाषित समझ विकसित की है, ऐसे आउटफिट्स का चयन करती हूं जो मेरे व्यक्तित्व और मेरी भूमिकाओं के अनुरूप हों।

इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में श्रद्धा ने शाहरुख खान, सलमान खान, प्रियंका चोपड़ा जोनास, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर खान जैसी कई हस्तियों को पीछे छोड़ दिया है। इंस्टाग्राम पर इनके 93.6 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। उन्होंने ट्रेडिशनल और कंटेम्परेरी लुक के बीच संतुलन बनाना सीखा है। उन्होंने कहा, मैंने पारंपरिक और समकालीन दोनों तरह के लुक को अपनाना सीखा है और अपने कपड़ों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर ग्रोथ के हिसाब से ढाला है। दिग्गज अभिनेता शक्ति कपूर की बेटी श्रद्धा के लिए फैशन सादगी और उसे रिफाइन करने के मिश्रण का नाम है। उन्होंने कहा, मैं अपने फैशन सेंस को सादगी और रिफाईनमेंट के मिश्रण के रूप में वर्णित करूंगी। मैं ऐसे मिनिमलिस्ट डिजाइन की ओर आकर्षित होती हूं जिसमें बारीकी पर ध्यान दिया जाए। मेरे लिए कम्फर्ट जरूरी है, लेकिन मैं अपने लुक को नया और वर्सेटाइल बनाए रखने के लिए अलग-अलग स्टाइल के साथ प्रयोग करना भी पसंद करती हूं। अभिनेत्री इस बात से सहमत हैं कि फिल्मों में काम करने से उनके पहनावे पर असर पड़ता है। कहती हैं, बिल्कुल, मेरी फिल्मी भूमिकाओं ने मेरे फैशन विकल्पों को प्रभावित किया है। मैं जो भी किरदार निभाती हूं, वो स्टाइल के बारे में एक नया नजरिया पेश करता है और मैं अक्सर अपनी भूमिकाओं के तत्वों को अपनी व्यक्तिगत अलमारी में शामिल करती हूं। लोगों की नज़रों में आने से श्रद्धा अपने फैशन स्टेटमेंट के बारे में ज्यादा जागरूक हो गई हैं, जिससे उन्हें ऐसे आउटफिट चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो मेरे दर्शकों को पसंद आए और मेरी उभरती हुई छवि को दर्शाएं। 2010 में अपने डेब्यू के बाद से ही श्रद्धा ने बागी, आशिकी 2, एक विलेन, हैदर, छिछोरे, स्त्री और तू झूठी मैं मक्कार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है। श्रद्धा मानती हैं कि फिल्मों का फैशन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। अभिनेत्री ने कहा, दर्शक अक्सर प्रेरणा के लिए सिनेमा की ओर देखते हैं और स्क्रीन पर दिखाए जाने वाले स्टाइल मुख्यधारा के फैशन को प्रभावित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, किसी फिल्म का कोई खास आउटफिट या हेयरस्टाइल एक लोकप्रिय ट्रेंड बन सकता है। उन्होंने साझा किया- अभिनेताओं के रूप में, हमारे पास डिजाइनरों और स्टाइलिस्टों के साथ मिलकर ऐसे लुक बनाने का अवसर है जो न केवल हमारे किरदारों को निखारें बल्कि दर्शकों को भी प्रेरित करें। अभिनेत्री ने कल्कि लेबल के लिए मुश्क नामक उनके कलेक्शन के लिए कैटवॉक किया। कलेक्शन में कढ़ाई वाले जैकेट, चौड़े बॉटम्स और लहंगे शामिल हैं। श्रद्धा ने शानदार गुलाबी लहंगा पहना था जिसमें बारीक बनारसी काम था। बताया गया कि ये 350 घंटे में बनकर तैयार हुई। श्रद्धा ने कहा कि कल्कि के डिजाइन उनकी सोच से मेल खाते हैं। इसमें आधुनिकता है तो स्टाइल भी।

लैक्मे फैशन वीक में मिस वर्ल्ड मानुषी ने बटोरीं सुर्खियां

मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने फैशन उद्योग में धूम मचा दी है, हाल ही में एक्ट्रेस ने प्रतिष्ठित लैक्मे फैशन शो में रैंप वॉक किया। वह डिजाइनर ऋषि और विभूति के लिए एक आकर्षक प्रेरणा बनी। मानुषी छिल्लर ऑलिव ग्रीन फुल लेंथ स्कर्ट के साथ मैचिंग ब्लाउज में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। स्कर्ट में एक प्रभावशाली थाई स्लिट और हरे और गुलाबी रंगों में ध्यान देने योग्य फूलों डिजाइन थे। उसकी कलाइयों पर फूलों की सजावट ने नाटकीयता का स्पर्श जोड़ दिया! मानुषी छिल्लर ने अपने आत्मविश्वास भरे कदम और आकर्षण से दर्शकों को चकित कर दिया, और फैशन की दुनिया में एक मिसाल साबित हुईं। जैसे ही वह रैंप पर उतरीं, उनकी अविस्मरणीय उपस्थिति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फैशन क्षेत्र से परे, ब्यूटी क्वीन अपनी आगामी थिएट्रीकल रिलीज के साथ दिल चुराने के लिए पूरी तरह तैयार है। मानुषी तेहरान के लिए तैयारी कर रही हैं, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। हाल ही में, उन्होंने शहर में एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में ट्रेलब्लेजिंग स्टार ऑफ द ईयर पुरस्कार का सम्मान प्राप्त करके अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ ली। इस बीच, वह दिलचस्प परियोजनाओं की एक श्रृंखला के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए भी उत्सुक हैं, जिनकी घोषणा जल्द ही की जाएगी।

The GOAT की ब्लॉकबस्टर सफलता को कुछ यूं थलपति विजय ने किया सेलिब्रेट

साउथ सुपरस्टार थलपति विजय ने वेंकट प्रभु की ओर से निर्देशित फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की सफलता का जश्न मनाया. निर्माता अर्चना कल्पथी के साथ केक काटते हुए अभिनेता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. फिल्म ने पूरे वर्ल्डवाइड धुआंधार कमाई की थी. फैंस को तलपति के एक्शन सीन्स और डायलॉग्स काफी पसंद आए, इस मूवी को क्रिटिक्स ने भी काफी अच्छे रिव्यू मिले थे. 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद गृह राज्य तमिलनाडु में फिल्म द GOAT ने 215 करोड़ रुपये की कमाई की, जिसके बाद जश्न मनाना तो बनता ही था. फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर 455 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है. इस कलेक्शन के साथ, लियो के बाद GOAT विजय की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की.

फिर मंजुलिका के किरदार में नजर आएंगी विद्या बालन

17 साल बाद एक बार फिर अपकमिंग फिल्म 'भूल भुलैया 3' बालीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन मंजुलिका के किरदार में नजर आएंगी। अभिनेता कार्तिक आर्यन की इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ। ट्रेलर में मंजुलिका की झलक ने दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। विद्या बालन ने 2007 में रिलीज हुई 'भूल भुलैया' में इस आइकॉनिक किरदार को निभाया था, और उनकी परफॉर्मेंस को उस वक्त काफी सराहा गया था। अब दर्शक उन्हें फिर से इस रहस्यमय और डरावने किरदार में देखने के लिए बेताब हैं। फिल्म के निर्देशक अनीस बज्मी ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया कि 'भूल भुलैया 3' में विद्या बालन की वापसी कैसे हुई। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से लगता था कि अगर मंजुलिका का किरदार कोई निभा सकता है, तो वो विद्या जी ही हैं। पहली फिल्म में उन्होंने जो शानदार काम किया था, उसे सभी ने बहुत पसंद किया था, और वह इस किरदार के लिए बेस्ट चॉइस थीं।अनीस बज्मी ने खुलासा किया कि उन्होंने विद्या बालन को इस फिल्म के लिए अप्रोच किया और उन्हें स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई। उन्होंने कहा, जब मैंने विद्या जी को 10 मिनट का नरेशन दिया, तो वह तुरंत एक्साइटेड हो गईं और उन्होंने कहा कि उन्हें इस फिल्म का हिस्सा बनने में बहुत मजा आएगा। इसके बाद जब मैं उनसे 10-15 दिनों बाद मिला और पूरी कहानी सुनाई, तो मुझे पहले ही 10 मिनट में समझ आ गया था कि उन्होंने फिल्म करने का मन बना लिया है। बज्मी ने आगे कहा, इससे बेहतर क्या हो सकता है कि 17 साल बाद विद्या जी मंजुलिका के किरदार में वापस आ रही हैं। उन्होंने फिल्म में शानदार काम किया है। गौरतलब है कि 2007 में रिलीज हुई 'भूल भुलैया' में विद्या बालन के साथ अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों दोनों से जबरदस्त प्रशंसा मिली थी। अब 17 साल बाद, विद्या बालन की इस किरदार में वापसी ने प्रशंसकों की उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। 'भूल भुलैया 3' इस दिवाली सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

नीना गुप्ता बन गई नानी, साझा की तस्वीर

अभिनेत्री नीना गुप्ता नानी बन गई है। उन्होंने अपनी नवजात नातिन को इंस्टाग्राम फॉलोअर्स से मिलवाया भी है। नीना गुप्ता ने एक पोस्ट शेयर कर लिखा, मेरी बेटी की बेटी। नीना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वह अपनी डिजाइनर बेटी मसाबा गुप्ता की नवजात बेटी को प्यार से गोद में लिए नजर आ रही हैं। अभिनेत्री बच्ची को देखते हुए मुस्कुरा रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरी बेटी की बेटी - रब रखा। मसाबा और उनके अभिनेता पति सत्यदीप मिश्रा की बेटी का जन्म 11 अक्टूबर को हुआ। दंपति ने दशहरा पर इस खबर की घोषणा की। दोनों की शादी 2023 में हुई थी। दोनों ने इंस्टाग्राम पर अपने पहले बच्चे के जन्म की खबर शेयर की। उन्होंने बच्ची के पैरों की एक मोनोक्रोमैटिक तस्वीर के जरिए भावनाएं जाहिर की थीं। उन्होंने लिखा, हमारी बहुत खास छोटी सी बिटिया एक बहुत ही खास दिन पर आई। दोनों ने बताया कि उनकी बेटी का जन्म शुक्रवार को हुआ है। डिजाइनर मसाबा ने पहले निर्माता मधु मंटेना से शादी की थी। फिर 2019 में दोनों का तलाक हो गया। मसाबा ने एक शो में अपने करियर को लेकर बड़ी बात कही थी। कहा था कि उनकी मां नीना गुप्ता ने उन्हें अभिनय का पेशा अपनाने से मना कर दिया था।

दिव्या की पोस्ट से मची खलबली, जिगरा के फर्जी कलेक्शन का आरोप

हाल ही में दिव्या खोसला कुमार ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर जिगरा और आलिया भट्ट से संबंधित एक पोस्ट शेयर किया, जिसने हर तरफ खलबली पैदा कर दी और अब उनके इस पोस्ट के चलते बॉलीवुड में एक नई वॉर छिड़ती नजर आ रही है। दिव्या खोसला ने आलिया पर जिगरा के फर्जी कलेक्शन दिखाने का आरोप लगाते हुए खाली सिनेमाघर की एक तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा- खुद ही टिकट कराएं और फर्जी कलेक्शन की घोषणा कर दीजिए। मैं जिगरा देखने के लिए सिटी ऑफ मॉल पीवीआर गई, जहां थिएटर पूरी तरह खाली था। सभी थियेटर खाली पड़े हैं। आलिया भट्ट आपमें सच में बहुत जिगरा है। खुद ही टिकटें खरीदीं और फिर फेक कलेक्शन अनाउंस कर दिया। दिव्या के इस पोस्ट के बाद करण जौहर ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने किसी का नाम तो नहीं लिया, लेकिन पोस्ट देखकर लगता है कि करण का ये पोस्ट दिव्या खोसला को जवाब है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- मूर्खों को दिया गया सबसे अच्छा भाषण मौन है।

भले ही करण ने अपने पोस्ट में दिव्या का नाम ना लिखा हो, लेकिन अभिनेत्री ने भी जवाब देने में देर नहीं लगाई। उन्होंने फिर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा- सच हमेशा मूर्खों को अपमानित करता है। एक अन्य पोस्ट में दिव्या ने लिखा- जब आप बेशर्मी से दूसरों की सही चीज चुराने के आदी हो जाते हैं, तो आप हमेशा मौन का आश्रय लेते हैं। तुम्हारे पास कोई आवाज नहीं होगी, कोई रीढ़ की हड्डी नहीं होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आलिया की फिल्म 'जिगरा' ने देश में पहले दिन 4.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। हालांकि, दिव्या खोसला फिल्म के पहले दिन के कलेक्शन को लेकर किसी भी तरह से आश्वस्त नहीं हैं। अभिनेत्री को लगता है कि फिल्म के कलेक्शन 'जिगरा' के पीछे के प्रोडक्शन हाउस के इशारे पर जारी किए गए हैं, जो हिंदी सिनेमा के प्रमुख फिल्म स्टूडियोज में से एक माना जाता है।

आलिया की 'जिगरा' की बात करें तो फिल्म ने अपने पहले दिन 4.5 करोड़ रुपए कमाए। दिव्या के आलिया पर खुद ही टिकटें खरीदने के दावों के बावजूद, दोनों फिल्मों के कलेक्शन में बहुत अंतर है। दिव्या के यूं जिगरा पर हमला करने के पीछे एक और कारण राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी स्टारर विक्की विद्या का वो वाला वीडियो भी माना जा रहा है, जो बॉक्स-ऑफिस पर जिगरा से टकरा गई है। दिलचस्प बात तो ये है कि दिव्या की सावी फिल्म में भी आलिया की जिगरा जैसी ही जेल ब्रेक कहानी दिखाई गई थी। 'सावी' सिनेमाघरों में दो सप्ताह तक सिर्फ 7.83 करोड़ रुपए ही कमा पाई थी। सिनेमाघरों में 'चंदू चैंपियन' की वजह से फिल्म को ज्यादा दर्शक नहीं मिल पाए थे।